# राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति, छत्तीसगढ़

भारत सरकार

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय**

पर्यावास भवन, सेक्टर–19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

ई–मेल : seiaacg@gmail.com

विषय— राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की दिनांक 04/02/2020 को संपन्न 309वीं बैठक का कार्यवाही विवरण

—00—

राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की 309वीं बैठक श्री शैलेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष, राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन की अध्यक्षता में दिनांक 04/02/2020 को संपन्न हुई। बैठक में समिति के निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया—

1. डॉ. मोहन लाल अग्रवाल, सदस्य, राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति
2. श्री अरविन्द कुमार मौर्या, सदस्य, राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति
3. श्री गीतेश्वर प्रसाद साहू, सदस्य, राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति
4. डॉ. एम.डब्ल्यू.ए. खान, सदस्य, राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति
5. डॉ. विकास कुमार जैन, सदस्य, राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति
6. डॉ. दीपक सिन्हा, सदस्य, राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति
7. श्री [illegible], सदस्य सचिव, राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति

समिति द्वारा एजेण्डा में सम्मिलित विषयों पर निम्नानुसार विचार किया गया—

**एजेण्डा आयटम क्रमांक–1**

**दिनांक 16/01/2020, 17/01/2020, 18/01/2020 एवं 20/01/2020 को संपन्न क्रमशः 305वीं, 306वीं, 307वीं एवं 308वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन।**

राज्य स्तर विशेषज्ञ अंकन समिति (एस.ई.ए.सी.), छत्तीसगढ़ की 305वीं, 306वीं, 307वीं एवं 308वीं बैठक क्रमशः दिनांक 16/01/2020, 17/01/2020, 18/01/2020 एवं 20/01/2020 को संपन्न हुई थी। समिति द्वारा सर्वसम्मति से उक्त बैठकों के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा आयटम क्रमांक–2: गौण/मुख्य खनिजों संबंधी प्रकरणों के प्रस्तुतीकरण उपरांत पर्यावरणीय स्वीकृति / टीओआर हेतु निर्णय लिया जाना।

1. मेसर्स श्री सुनील कुमार पटेल (बम्हनीडीह सेण्ड माईन्स, ग्राम–बहुराबहार, तहसील–पत्थलगांव, जिला–जशपुर), बी रायगढ़, जिला–रायगढ़ (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1056)

**ऑनलाईन आवेदन** – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 130503 /2019, दिनांक 12/12/2019।

**प्रस्ताव का विवरण** – यह प्रस्तावित रेत खदान (गौण खनिज) है। यह खदान ग्राम–बहुराबहार, तहसील–पत्थलगांव, जिला–जशपुर स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 01, कुल लीज क्षेत्र 3 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। उत्खनन ईब नदी से किया जाना प्रस्तावित है। खदान की अपेक्षित उत्खनन क्षमता–60,000 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

**बैठकों का विवरण –**

**(अ) समिति की 305वीं बैठक दिनांक 16/01/2020:**

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तत्पश्चात **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:–**

1. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर, वर्तमान में रेत सतह के लेवल्स (Levels) लेकर ग्रिड मैप में प्रदर्शित कर प्रस्तुत किये जायें। उक्त लेवल्स (Levels) हेतु कम से कम 2 टेम्परेरी बैंच मार्क (Concreted TBM structure) निर्धारित किये जायें। टेम्परेरी बैंच मार्क (TBM) में आर.एल., को–ऑर्डिनेट्स (Co-ordinates) अंकित किये जायें। ग्रिड मैप में टेम्परेरी बैंच मार्क (TBM) को भी दर्शाकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जायें।
2. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (पिट) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की जाए। रेत की वास्तविक गहराई हेतु फोटोग्राफ्स भी प्रस्तुत किया जावे।
3. प्रस्तावित खनन क्षेत्र की लंबाई एवं चौड़ाई तथा नदी के पाट की चौड़ाई की जानकारी प्रस्तुत की जाए।
4. यदि पूर्व में आवेदित स्थल पर खनन हेतु राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ अथवा जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (डी.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दी गई हो, तो पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।
5. यदि खदान पूर्व से संचालित है, तो विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।

6. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

7. खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को खदान में रेत के लेवल्स (Levels) लेने वाले सर्वेयर (Surveyor) के साथ आगामी माह की आयोजित बैठक में उपरोक्त समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 31/01/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

**(अ) समिति की 308वीं बैठक दिनांक 04/02/2020:**

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री अजय कुमार पुत्र, अधिकृत प्रतिनिधि एवं श्री विवेक साहू, खनि निरीक्षक उपस्थित हुए। समिति द्वारा नक्शे, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – रेत उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत अम्हीरा दिनांक 02/10/2018 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. **चिन्हांकित/सीमांकित** – कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा के ज्ञापन प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान चिन्हांकित/सीमांकित का घोषित है।
3. **उत्खनन योजना** – क्वारी प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (ख.प्र.), जिला–सरगुजा के ज्ञापन क्रमांक 2174/खनिज/ख.लि.3/उत्खनन पी./2019 अंबिकापुर, दिनांक 29/11/2019 द्वारा अनुमोदित है।
4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–जशपुर के ज्ञापन क्रमांक 336/खनिज/ख.लि.3/रेत/2019 जशपुर, दिनांक 06/12/2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य रेत खदानों की संख्या निरंक है।
5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–जशपुर के ज्ञापन क्रमांक 336/खनिज/ख.लि. 3/रेत/2019 जशपुर, दिनांक 06/12/2019 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, बांध, डैम, एनीकट एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है।
6. **एल.ओ.आई. का विवरण** – एल.ओ.आई. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–जशपुर के ज्ञापन क्रमांक 278/गौण ख./नीलामी/न.क्र./19, जशपुर, दिनांक 15/11/2019 द्वारा जारी की गई, जिसकी अवधि 2 वर्ष हेतु वैध है।
7. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 द्वारा विहित प्रारूप में डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।
8. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–पत्थलगांव 1 कि.मी., स्कूल 3 कि.मी. एवं अस्पताल 3 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 23.0 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 0.205 कि.मी. दूर है। स्वीकृत रेत खदान के

आवासस्थल से 205 मीटर की दूरी पर कुआ स्थित है। एनीकट की दूरी 800 मीटर से अधिक है।

9. **पारिस्थितिकीय / जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

10. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – अधिकतम 325 मीटर, न्यूनतम 315 मीटर तथा खनन स्थल की चौड़ाई – 136 मीटर दर्शाई गई है। खदान की नदी तट के पूर्वी किनारे से दूरी 40 मीटर एवं पश्चिमी किनारे से दूरी 140 मीटर है।

11. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** – आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई – 3 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई – 2 मीटर दर्शाई गई है। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार खदान से माईनेबल रेत की मात्रा – 60,000 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत सतह की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। जिसके अनुसार रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर 3 गड्ढा (Pit) खोदकर उसमें रेत सतह की गहराई नापने के आधार पर, वर्तमान में रेत की उपलब्ध मोटाई 3 मीटर है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा भी प्रस्तुत किया गया है।

12. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

13. **खदान क्षेत्र में रेत सतह के लेवल्स** – रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर वर्तमान में पोस्ट–मानसून (Post-Monsoon) डाटा दिनांक 30/01/2020 को रेत सतह के लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये गये हैं।

14. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विचार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है–

| Capital Investment (in Lakh) | Percentage of Capital Investment to be Spent | Amount Required for CER Activities (in Lakh) | Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Particulars | CER Fund Allocation (in Lakh) |
| Rs. 60 | 2% | Rs. 1.20 | Following activities at Nearby Government Primary School Village-Baluwabahar | |
| | | | Rain Water | Rs. 0.30 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Harvesting System | |
| | | | Potable drinking water facility | Rs. 0.20 |
| | | | Running water Facility for Toilets | Rs. 0.20 |
| | | | Solar lighting system | Rs. 0.30 |
| | | | Plantation work | Rs. 0.20 |
| | | | Total | Rs. 1.20 |

15. रेत उत्खनन मैनुअल विधि से एवं भराई का कार्य लोडर द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है।

16. समिति के संज्ञान में यह तथ्य आया कि –

   i. नये Enforcement & Monitoring Guidelines for Sand Mining 2020 के अनुसार–

   "Sand and gravel shall not be extracted up to a distance of 1 kilometre (1 km) from major bridges and highways on both sides, or five times (5x) of the span (x) of a bridge/public civil structure (including water intake points) on up-stream side and ten times (10x) the span of such bridge on down-stream side, subjected to a minimum of 250 meters on the upstream side and 500 meters on the downstream side."

   ii. वर्तमान में नीचे पुल से 265 मीटर की दूरी पर स्वीकृत है। नये गाइडलाईन अनुसार स्वीकृत रेत खदान के डाउनस्ट्रीम में पुल से कम से कम 500 मीटर छोड़ा जाना आवश्यक है। अतः अतिरिक्त 235 मीटर लंबाई को गैर माईनिंग क्षेत्र घोषित कर गणना प्रस्तुत की जानी होगी।

17. **वृक्षारोपण कार्य** – प्राथमिकता के आधार पर नदी तट पर कुल 600 नग पौधे – 300 नग अर्जुन के पौधे तथा शेष 300 नग (जामुन, करंज, बांस, आम आदि) पौधे लगाए जायेंगे। पहुंच मार्ग पर 300 नग पौधे लगाए जायेंगे।

**समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया–**

1. नये गाइडलाईन अनुसार रेत उत्खनन हेतु अतिरिक्त 235 मीटर लंबाई को गैर माईनिंग क्षेत्र घोषित कर, गणना प्रस्तुत की जाए।
2. सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव में प्रस्तुत किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

**2. मेसर्स श्री हैप्पी अग्रवाल (टांगरगांव सेण्ड माईन, ग्राम–टांगरगांव, तहसील–कांसाबेल, जिला–जशपुर), अम्बिकापुर रोड, पत्थलगांव, जिला–जशपुर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1056)**

**ऑनलाईन आवेदन** – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/131067/2018 दिनांक 13/12/2018।

**प्रस्ताव का विवरण** – यह प्रस्तावित रेत खदान (गौण खनिज) है। यह खदान ग्राम–डाण्डगांव, तहसील–कांसाबेल, जिला–जशपुर स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 826, कुल लीज क्षेत्र 5 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। उत्खनन मैनी नदी से किया जाना प्रस्तावित है। खदान की प्रस्तावित उत्खनन क्षमता–1,00,000 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

**बैठकों का विवरण –**

**(अ) समिति की 305वीं बैठक दिनांक 16/01/2020**

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तत्संबंध **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था–**

1. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर, वर्तमान में रेत सतह की लेवल्स (Levels) लेकर ग्रिड मैप में प्रदर्शित कर प्रस्तुत किये जावें। उक्त लेवल्स (Levels) हेतु कम से कम 2 टेम्परेरी बेंच मार्क (Concreted TBM structure) निर्धारित किये जावें। टेम्परेरी बेंच मार्क (TBM) में आर.एल., को–ऑर्डिनेट्स (Co-ordinates) अंकित किये जावें। ग्रिड मैप में टेम्परेरी बेंच मार्क (TBM) को भी दर्शाकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जावें।
2. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की जाए। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा भी प्रस्तुत किया जावे।
3. प्रस्तावित खनन क्षेत्र की लंबाई एवं चौड़ाई तथा नदी के पाट की चौड़ाई की जानकारी प्रस्तुत की जाए।
4. यदि पूर्व में आवेदित स्थल पर खनन हेतु राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ अथवा जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (डी.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दी गई हो, तो पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।
5. यदि खदान पूर्व से संचालित है, तो विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।
6. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
7. खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को खदान में रेत के लेवल्स (Levels) लेने वाले सर्वेयर (Surveyor) के साथ आगामी माह की आयोजित बैठक में तकनीकी समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 21/01/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 308वीं बैठक दिनांक 04/02/2020

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री हैप्पी अग्रवाल, कंसल्टेंट एवं श्री विवेक साहू, खनि निरीक्षक उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – रेत उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत डोंगरगांव का दिनांक 02/10/2019 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

2. **चिन्हांकित/सीमांकित** – कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान चिन्हांकित/सीमांकित कर घोषित है।

3. **उत्खनन योजना** – जारी प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (खनि प्र.), जिला–सरगुजा के ज्ञापन क्रमांक 2227/खनिज/खलि 3/उत्खनन यो/2019 अंबिकापुर, दिनांक 10/12/2019 द्वारा अनुमोदित है।

4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–जशपुर के ज्ञापन क्रमांक 341/खनिज/स.लि./रेत/2019 जशपुर, दिनांक 06/12/2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य रेत खदानों की संख्या निरंक है।

5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–जशपुर के ज्ञापन क्रमांक 344/खनिज/स.लि./रेत/2019 जशपुर, दिनांक 06/12/2019 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान के 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, बांध, डैम, एनीकट एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है।

6. **एल.ओ.आई. का विवरण** – एल.ओ.आई. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–जशपुर के ज्ञापन क्रमांक 277/नीस. खनिज./नीलामी/रा.क./2019 जशपुर, दिनांक 15/11/2019 द्वारा जारी की गई, जिसकी अवधि 2 वर्ष हेतु वैध है।

7. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 द्वारा निर्दिष्ट प्रारूप में डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–डोंगरगांव 1 कि.मी., स्कूल 1 कि.मी. एवं अस्पताल 5.5 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 4.8 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 5.2 कि.मी. दूर है। पुल 565 मीटर दूर है।

9. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

10. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – अधिकतम 205 मीटर, न्यूनतम 150 मीटर तथा खनन स्थल की चौड़ाई – 80 मीटर दर्शाई गई

है। खदान की नदी तट के उत्तरी किनारे से दूरी 25 मीटर एवं दक्षिणी किनारे की दूरी 80 मीटर है।

11. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** — आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई — 3 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई — 2 मीटर दर्शाई गई है। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार खदान में माईनेबल रेत की मात्रा — 1,00,000 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत सतह की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। जिसके अनुसार रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर 5 गड्ढा (Pit) खोदकर उसमें रेत सतह की गहराई नापने के आधार पर, वर्तमान में रेत की उपलब्ध मोटाई 3 मीटर है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा भी प्रस्तुत किया गया है।

12. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**— इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

13. **खदान क्षेत्र में रेत सतह के लेवल्स** — रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर वर्तमान में पोस्ट-मानसून (Post-Monsoon) उपरांत दिनांक 30/01/2020 को रेत सतह के लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है।

14. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** — भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विचार से चर्चा उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है—

| Capital Investment (in Lakh) | Percentage of Capital Investment to be Spent | Amount Required for CER Activities (in Lakh) | Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Particulars | CER Fund Allocation (in Lakh) |
| Rs. 87 | 2% | Rs. 1.74 | Following activities at Nearby Government Primary School Village-Tangargaon | |
| | | | Rain Water Harvesting System | Rs. 0.60 |
| | | | Potable drinking water facility | Rs. 0.20 |
| | | | Running water Facility for Toilets | Rs. 0.20 |
| | | | Solar lighting system | Rs. 0.40 |
| | | | Plantation work | Rs. 0.34 |
| | | | **Total** | **Rs. 1.74** |

समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किया गया कि सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव एक माह में प्रस्तुत किया जाए।

15. रेत उत्खनन मैनुअल विधि से एवं भराई का कार्य लोडर द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है।

16. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 2 मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति मांगी है। अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुनर्भरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी आंकड़ों का समावेश नहीं किया गया है। मैनी नदी छोटी नदी है तथा इससे वर्षाकाल में सामान्यतः 1 मीटर गहराई से अधिक रेत का पुनर्भराव होने की संभावना है।

**समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया—**

1. आवेदित खदान (ग्राम–टांगरगांव) का रकबा 5 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर से अधिक का क्लस्टर निर्मित नहीं होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गई।

2. **वृक्षारोपण कार्य** — प्राथमिकता के आधार पर नदी तट पर कुल 1,000 नग पौधे – 500 नग अर्जुन के पौधे तथा शेष 500 नग (जामुन, करंज, नीम, आम आदि) पौधे लगाए जावेंगे। पहुंच मार्ग पर 500 नग पौधे लगाए जावेंगे।

3. परियोजना प्रस्तावक रेत खदान क्षेत्र में आगामी 1.5 वर्ष में विस्तृत गाद अध्ययन (Siltation Study) करायेगा, ताकि रेत की पुनर्भरण (Replenishment) मात्रा, सही आंकड़े, रेत उत्खनन का नदी, नदीतल, स्थानीय वनस्पति, जीव एवं सूक्ष्म जीवों पर प्रभाव तथा नदी के पानी की गुणवत्ता पर रेत उत्खनन के प्रभाव की सही जानकारी प्राप्त हो सके।

4. रेत पुनर्भरण की स्थिति के आंकलन हेतु परियोजना प्रस्तावक द्वारा माह मई 2020 के अन्त में मानसून पूर्व (रेत उत्खनन समाप्त होने के बाद) रेत खदान में पूर्व निर्धारित चिह्न बिन्दुओं तथा लीज के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में कम से कम 100 मीटर की दूरी तक के रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन भी किए जाएंगे। इसके अलावा खनन लीज के बाहर / नदी तट (दोनों) से 100 मीटर तक के क्षेत्र में रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन भी किया जाएगा। इसी प्रकार पोस्ट–मानसून में (रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व माह अक्टूबर) इन्हीं चिह्न बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन किया जाएगा। पोस्ट–मानसून के आंकड़े दिसम्बर 2020, 2021, 2022 एवं प्री–मानसून के आंकड़े अगस्त 2020, 2021, 2022 तक अनिवार्य रूप से एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किए जावेंगे। रेत सतह के पूर्व निर्धारित चिह्न बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन का कार्य आगामी 3 वर्षों तक निरंतर किया जाएगा।

5. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से श्री [illegible] अग्रवाल, टांगरगांव सैण्ड माईन को पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 628, ग्राम–टांगरगांव, तहसील–कांसाबेल, जिला–जशपुर, कुल लीज क्षेत्र 5 हेक्टेयर में रेत उत्खनन अधिकतम 1 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुए कुल 50,000 घनमीटर प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट–01** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति जारी

दिनांक से 02 वर्ष तक की अवधि हेतु दिये जाने की अनुशंसा की गई। रेत की खुदाई श्रमिकों द्वारा (Manually) की जाएगी। रिवर बेड में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होगा। लीज क्षेत्र में स्थित रेत खुदाई गड्ढे (Excavation pits) से लोडिंग प्वाईंट तक रेत का परिवहन ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा किया जाएगा।

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदनुसार सूचित किया जाए।

3. **मेसर्स श्री जितेन्द्र कुमार अग्रवाल (रामपुर सेण्ड माईन, ग्राम–रामपुर, तहसील–सीतापुर, जिला–सरगुजा), खरसिया नाका चौक, तहसील– अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1080)**

**ऑनलाईन आवेदन** – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 131410/2019, दिनांक 14/12/2019।

**प्रस्ताव का विवरण** – यह प्रस्तावित रेत खदान (गौण खनिज) है। यह खदान ग्राम–रामपुर, तहसील–सीतापुर, जिला–सरगुजा स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 285, कुल लीज क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर प्रस्तावित है। उत्खनन मानव श्रमों से किया जाना प्रस्तावित है। खदान की अधिकतम उत्खनन क्षमता–77,004 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

**बैठकों का विवरण –**

**(अ) समिति की 303वीं बैठक दिनांक 16/01/2020:**

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा तदनुसार **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-**

1. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर, वर्तमान में रेत सतह के लेवल्स (Levels) लेकर ग्रिड मैप में प्रदर्शित कर प्रस्तुत किये जायें। उक्त लेवल्स (Levels) हेतु कम से कम 2 टेम्परारी बेंच मार्क (Concreted TBM structure) निर्धारित किये जायें। टेम्परारी बेंच मार्क (TBM) में आर.एल., को–ऑर्डिनेट्स (Co-ordinates) अंकित किये जायें। ग्रिड मैप में टेम्परारी बेंच मार्क (TBM) को भी दर्शाकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जायें।

2. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की जाए। रेत की वास्तविक गहराई हेतु फोटोग्राफ भी प्रस्तुत किया जाये।

3. प्रस्तावित खनन क्षेत्र की लंबाई एवं चौड़ाई तथा नदी के पाट की चौड़ाई की जानकारी प्रस्तुत की जाए।

4. यदि पूर्व में आवेदित स्थल पर खनन हेतु राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ अथवा जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (डी.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दी गई हो, तो पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।

5. यदि खदान पूर्व से संचालित है, तो विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।

6. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
7. खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को खदान में रेत की लेवल्स (Levels) लेने वाले सर्वेयर (Surveyor) के साथ आगामी माह की आयोजित बैठक में उपरोक्त समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) सहित प्रस्तुतीकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 31/01/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

**(4) समिति की 329वीं बैठक दिनांक 04/02/2020**

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री उमेश देव पाण्डेय, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा गहन, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – रेत उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत रामपुर दिनांक 15/12/2018 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. **चिन्हांकित/सीमांकित** – कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान चिन्हांकित/सीमांकित कर घोषित है।
3. **उत्खनन योजना** – खदान प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (खनि प.), जिला–सरगुजा के ज्ञापन क्रमांक 2236/खनिज/ख.लि.3/उत्खनन यो./2019 अम्बिकापुर, दिनांक 11/12/2019 द्वारा अनुमोदित है।
4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–सरगुजा के ज्ञापन क्रमांक 2247/खनिज/ख.लि.3/रेत/2019, अम्बिकापुर, दिनांक 11/12/2019 के अनुसार आवेदित खदान के 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है।
5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–सरगुजा के ज्ञापन क्रमांक 2244/खनिज/ख.लि.3/रेत/2019 अम्बिकापुर, दिनांक 11/12/2019 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी मंदिर, मस्जिद, श्मशान, स्कूल, बांध, एनीकट एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है। इसके अतिरिक्त पुल/डीज/कलवर्ट 105 मीटर दूर है।
6. **एल.ओ.आई. का विवरण** – एल.ओ.आई. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–सरगुजा के ज्ञापन क्रमांक 2104/खनिज/ख.लि.3/रेत/19 अम्बिकापुर, दिनांक 22/11/2019 द्वारा जारी की गई, जिसकी अवधि 2 वर्ष हेतु वैध है।
7. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 द्वारा निर्दिष्ट प्रारूप में डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।
8. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–रामपुर 1 कि.मी., स्कूल 1 कि.मी. एवं अस्पताल 5 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 0.105 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 24.4 कि.मी. दूर है। स्वीकृत रेत खदान के अपस्ट्रीम में 105 मीटर की दूरी पर पुल स्थित है।

9. **पारिस्थितिकीय / जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अन्तर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पाल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

10. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – अधिकतम 240 मीटर, न्यूनतम 100 मीटर तथा खनन स्थल की चौड़ाई – 85 मीटर दर्शाई गई है। खदान की नदीतट के उत्तरी किनारे से दूरी 50 मीटर एवं दक्षिणी किनारे से दूरी 3 मीटर है।

11. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** – आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई – 3 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई – 2 मीटर दर्शाई गई है। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार खदान से माईनेबल रेत की मात्रा – 77,904 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत सतह की मोटाई जानने के लिए प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। जिसके अनुसार रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर 8 गड्ढा (Pit) खोदकर उसमें रेत सतह की गहराई नापने के आधार पर, वर्तमान में रेत की उपलब्ध मोटाई 3 मीटर है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा भी प्रस्तुत किया गया है।

12. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

13. **खदान क्षेत्र में रेत सतह के लेवल्स** – रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर वर्तमान में पोस्ट–मानसून (Post-Monsoon) यथा दिनांक 29/01/2020 को रेत सतह के लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये गये हैं।

14. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विचार के चर्चा उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

| Capital Investment (in Lakh) | Percentage of Capital Investment to be Spent | Amount Required for CER Activities (in Lakh) | Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Particulars | CER Fund Allocation (in Lakh) |
| Rs. 78 | 2% | Rs. 1.56 | Following activities at Nearby Government Primary School Village-Radhapur | |
| | | | Rain Water Harvesting System | Rs. 0.50 |
| | | | Potable drinking | Rs. 0.20 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | water facility | |
| | | | Running water Facility for Toilets | Rs. 0.30 |
| | | | Solar lighting system | Rs. 0.40 |
| | | | Plantation work | Rs. 0.28 |
| | | | **Total** | **Rs. 1.56** |

समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किया गया कि सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव एक माह में प्रस्तुत किया जाए।

15. रेत उत्खनन मैनुअल विधि से एवं भराई का कार्य लोडर द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है।

16. प्रस्तुतीकरण के दौरान खनि निरीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में पुल की तरफ 200 मीटर सुनिश्चित किए जाने तथा नदी पाट के चौड़ाई के 10 प्रतिशत क्षेत्र छोड़े जाने के लिए लीज क्षेत्र में 11,048 वर्गमीटर क्षेत्र को नॉन माईनिंग क्षेत्र रखा गया है। नये माइनिंग गाईडलाईन अनुसार पुल से 250 मीटर तथा नदी पाट की चौड़ाई के 10 प्रतिशत क्षेत्र छोड़े जाने पर कुल 15,573 वर्गमीटर नॉन माईनिंग क्षेत्र होता है। अतः रेत उत्खनन का कार्य 3.44 हेक्टेयर क्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है।

17. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 2 मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति मांगी है। अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुनर्भरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी आंकड़ों का समावेश नहीं किया गया है। मान्ड नदी छोटी नदी है तथा इसमें वर्षाकाल में सामान्यतः 1 मीटर गहराई से अधिक रेत का पुनर्भराव होने की संभावना है।

**समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–**

1. आवेदित खदान (ग्राम–[illegible]) का रकबा 5 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर से अधिक का क्लस्टर निर्मित नहीं होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।

2. **वृक्षारोपण कार्य** – प्राथमिकता के आधार पर नदी तट पर कुल 1,000 नग पौधे – 500 नग अर्जुन के पौधे तथा शेष 500 नग (जामुन, करंज, नीम, आम आदि) पौधे लगाए जायेंगे। पहुंच मार्ग पर 500 नग पौधे लगाए जायेंगे।

3. परियोजना प्रस्तावक रेत खदान क्षेत्र में आगामी 1.5 वर्ष में विस्तृत गाद अध्ययन (Siltation Study) करायेगा, ताकि रेत के पुनर्भरण (Replenishment) बाबत् सही आंकड़े, रेत उत्खनन का नदी, नदीतल, जलीय वनस्पति, जीव एवं सूक्ष्म जीवों पर प्रभाव तथा नदी के पानी की गुणवत्ता पर रेत उत्खनन के प्रभाव की सही जानकारी प्राप्त हो सके।

4. रेत पुनर्भरण की स्थिति के आंकलन हेतु परियोजना प्रस्तावक द्वारा माह मई 2020 के अन्त में मानसून पूर्व (रेत उत्खनन समाप्त होने के बाद) रेत खदान के पूर्व निर्धारित चिह्न बिन्दुओं तथा लीज के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में कम से कम 100 मीटर की दूरी तक के रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन भी लिए जाएंगे। इसके अलावा खनन लीज के बाहर / नदी तट (दोनों) से 100

मीटर तक के क्षेत्र में रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन भी किया जायेगा। इसी प्रकार पोस्ट–मानसून में (रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व माह अक्टूबर) इन्हीं चिह्न बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन किया जायेगा। पोस्ट–मानसून के आंकड़े दिसम्बर 2020, 2021, 2022 एवं प्री–मानसून के आंकड़े जनवरी 2020, 2021, 2022 तक अनिवार्य रूप से एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किए जायेंगे। रेत सतह के पूर्व निर्धारित चिह्न बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन का कार्य आगामी 3 वर्ष तक निरंतर किया जाएगा।

5. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से श्री जितेन्द्र कुमार अग्रवाल, रामपुर सेण्ड माईन को पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 285, ग्राम–रामपुर, तहसील–सीतापुर, जिला–सरगुजा, कुल लीज क्षेत्र 3.44 हेक्टेयर में रेत उत्खनन अधिकतम 1 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुए कुल 34,400 घनमीटर प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट–02** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति, जारी दिनांक से 02 वर्ष तक की अवधि हेतु दिये जाने की अनुशंसा की गई। रेत की खुदाई श्रमिकों द्वारा (Manually) की जाएगी। रिवर बेड में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। लीज क्षेत्र में स्थित रेत खुदाई गड्ढे (Excavation pits) से लोडिंग प्वाईंट तक रेत का परिवहन ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा किया जाएगा।

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदनुसार सूचित किया जाए।

4. **मेसर्स सहगांव लाईम स्टोन माईन (प्रो.– श्रीमती जानमति सिंह), ग्राम–सहगांव, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 886)**

**ऑनलाईन आवेदन** – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन /24815/2018, दिनांक 13/04/2018 द्वारा टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 48456/ 2018, दिनांक 18/12/2018 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु ई.आई.ए. रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है।

**प्रस्ताव का विवरण** – यह दिनांक 15/01/2016 के पूर्व से संचालित चूना पत्थर खदान (गौण खनिज) है। यह खदान ग्राम–सहगांव, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग स्थित खसरा क्रमांक 256, 258, 257/1,2,3, 258, 259, 260/1,2,3, 261, 262, 263, 268, 275 एवं 276, कुल लीज क्षेत्र 4.02 हेक्टेयर में है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता – 81,250 टन प्रतिवर्ष एवं प्राक्कलित क्षमता – 81,250 टन प्रतिवर्ष है। खदान 15/01/2016 के पश्चात् बिना पर्यावरणीय स्वीकृति के उत्खनन जारी रखने के कारण यह प्रकरण उल्लंघन की श्रेणी का है। इस प्रकरण में समिति की 258वीं बैठक दिनांक 25/10/2018 को सुनवाई की गई थी, जिसमें टीओआर जारी करने का निर्णय लिया गया था। प्रकरण के तथ्य निम्नानुसार है:–

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – ग्राम पंचायत पथरिया (सह.) द्वारा दिनांक 22/06/2007 को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

2. **उत्खनन योजना** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा मॉडिफिकेशन इन एप्रूव्ड माईनिंग प्लान एण्ड प्रोग्रेसिव माईन क्लोजर प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो क्षेत्रीय खान नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर के ज्ञापन क्रमांक दुर्ग/ चूप/ खयो–1096/ 2017–रायपुर/231 दिनांक 08/06/2017 (वर्ष 2017–18 से 2021–22 तक की अवधि हेतु) द्वारा अनुमोदित है।

3. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 888 दिनांक 19/06/2017 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर परिधि में कुल 10 खदानें रकबा 25.05 हेक्टेयर स्वीकृत / विद्यमान है।

4. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–सहगांव 160 मीटर, प्राथमिक स्कूल ग्राम–सहगांव 180 मीटर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्राम–सहगांव 210 मीटर एवं रेल्वे स्टेशन भिलाई पॉवर हाउस 18.9 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 23 कि.मी. एवं राजमार्ग 375 मीटर है। शिवनाथ नदी 225 मीटर एवं नाला 200 मीटर दूर है।

5. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड क्षेत्र, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

6. **लीज का विवरण** – पूर्व में खनिज गतिविधियों के संचालन हेतु श्री राजेन्द्र सिंह के नाम पर एल.ओ.आई. दिनांक 27/03/2010 को जारी किया गया था। माईनिंग प्लान श्री राजेन्द्र सिंह के नाम पर दिनांक 30/12/2010 को अनुमोदित किया गया। लीज स्व. श्री राजेन्द्र सिंह की धर्म पत्नी श्रीमती ज्ञानमति सिंह के नाम पर दिनांक 29/05/2012 को हस्तांतरित हुई। लीज डीड 30 वर्षों के लिए दिनांक 28/08/2012 से 28/08/2042 तक की अवधि हेतु है।

7. जियोलॉजिकल रिजर्व 24,58,125 टन एवं माईनेबल रिजर्व 19,08,125 टन है। ओपन कास्ट विधि से उत्खनन किया जाता है। क्रशर यूनिट (100 TPD) 0.28 हेक्टेयर पर स्थित है। क्रशर से उड़ने वाले धूल उत्सर्जन की रोकथाम हेतु जल छिड़काव की व्यवस्था एवं क्रशर को कवर्ड किया गया है। वर्तमान में गहराई 8 मीटर है। उत्खनन की प्रस्तावित अंतिम गहराई 30 मीटर होगी। अल्टीमेट बेंच की ऊंचाई 3 मीटर एवं चौड़ाई 4 मीटर होगी। ऊपरी मिट्टी की मोटाई 4.5 मीटर है। खदान की संभावित आयु 31 वर्ष है। ड्रिलिंग हेतु जैक हैमर ड्रिल का उपयोग किया जाता है। ब्लास्टिंग किया जाता है। जल की मात्रा 6.53 किलोलीटर प्रतिदिन है। जल का स्त्रोत बोरवेल/टैंकर है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर (7,910 वर्गमीटर) क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जाएगा। वर्षा का जल संग्रहित करने हेतु जल संग्रहण संरचना (तालाब) निर्मित की जाएगी। विगत 5 वर्षों के उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:-

| वित्तीय वर्ष | वास्तविक उत्खनन (टन) |
|---|---|
| 2013–14 | निरंक |
| 2014–15 | 10,580 |
| 2015–16 | 11,420 |
| 2016–17 | 7,400 |
| 2017–18 | निरंक |

**उत्खनन की वर्षवार प्रस्तावित योजना**

| वर्ष | प्रस्तावित उत्खनन क्षमता (टन) |
|---|---|
| 2017–18 | 50,825 |
| 2018–19 | 77,187 |
| 2019–20 | 73,150 |
| 2020–21 | 51,062 |
| 2021–22 | 41,562 |
| **कुल** | **2,93,786** |

नोट: तालिका में दशमलव के बाद के अंकों का राउण्डऑफ किया गया है।

8. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:–** इस खदान को पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 08/02/2019 द्वारा अधिसूचना का.आ. 1030 (अ) दिनांक 08/03/2018 के प्रावधानों के अनुसार इन्वायरमेंट इम्पेक्ट असेसमेंट रिपोर्ट, इन्वायरमेंट मेनेजमेंट प्लान आदि तैयार करने हेतु भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित श्रेणी 1(a) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) नॉन कोल माईनिंग प्रोजेक्ट हेतु टीओआर जारी किया गया।

एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 15/02/2019 द्वारा परियोजना प्रस्तावक के विरुद्ध पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अनुसार वैधानिक कार्यवाही करने एवं स्थापना सम्मति / संचालन सम्मति जारी नहीं किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया।

**बैठकों का विवरण –**

**(अ) समिति की 308वीं बैठक दिनांक 16/01/2020:**

समिति द्वारा नक्शे, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **ई.आई.ए. रिपोर्ट का विश्लेषण–**

   i. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी –** मॉनिटरिंग कार्य अक्टूबर 2018 से दिसम्बर 2018 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 18 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 11 स्थानों पर भू-जल गुणवत्ता मापन, 18 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 6 स्थानों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 8 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।

   ii. मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार पी.एम.$_{2.5}$ 24.8 से 46.1 माईक्रोग्राम/घनमीटर, पी.एम.$_{10}$ 63 से 112.7 माईक्रोग्राम/घनमीटर, एसओ$_2$ 9.0 से 13.9 माईक्रोग्राम/घनमीटर तथा एनओ$_{x}$ 14.2 से 19.8 माईक्रोग्राम/घनमीटर पाई गई है। परियोजना स्थल के आसपास जल स्त्रोतों की गुणवत्ता भारतीय मानक के अनुसार है। परिवेशीय ध्वनि स्तर (Day time) 35.1 डीबीए से 59.5 डीबीए एवं ध्वनि स्तर (Night time) 28.4 डीबीए से 42.1 डीबीए पाया गया।

**समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था–**

1. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
2. परियोजना प्रस्तावक को आगामी माह की आयोजित बैठक में उपरोक्त समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 21/01/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

**(ब) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04/02/2020**

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री श्रीगुरु, अधिकृत प्रतिनिधि एवं पर्यावरण सलाहकार के रूप में मेसर्स ग्रीन सिटी इन्फ्राटेक सेंटर, भोपाल की ओर से श्री विजय साहू उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि जनवरी से मार्च 2016 तक 1,770 टन एवं वर्ष 2016-17 में 7,400 टन उत्खनन किया गया है। तदुपरांत से उत्खनन बंद है।
2. लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर क्षेत्र में कुछ क्षेत्र में उत्खनन किया गया है।
3. प्रस्तुत माईनिंग प्लान में ऊपरी मिट्टी के रख-रखाव के संबंध में दिये गये प्रस्ताव अनुसार "The generated top soil will be utilized for plantation on the 7.5 meter non mining limit zone over the old soil dump area (5930 sqm) some fresh area about 3290 sqm and the height of the soil dump will be about 10.0 meter and cover about 6180 sqm area (including about 20% extra area for swelling and angle of repose will be maintained as 28°)" ऐसा बताया गया है। जबकि सामान्यतः 1.88 मीटर की ऊंचाई तक ही रखा जा सकता है। उक्त प्रस्ताव तकनीकी रूप से युक्तियुक्त नहीं है।
4. प्रस्तुत ई.आई.ए. में ध्वनि के प्रभाव का आंकलन तथा ध्वनि प्रतिरूपण (Noise Modelling) नहीं किया गया है।
5. मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार परिवेशीय वायु में पी.एम.$_{10}$ 63 से 112.7 माईक्रोग्राम/घनमीटर बताया गया है, जो कि निर्धारित मानक से अधिक है।
6. उल्लंघन अवधि में उत्खनन कार्य किए जाने से मिट्टी की गुणवत्ता में परिवर्तन / प्रदूषण नहीं होने, वृक्षों की कटाई नहीं किए जाने आदि के संबंध में जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं की गई है।
7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव (प्रस्तावित स्कूल / स्थान का नाम, पता एवं कार्यान्वयन व्यय का विवरण) प्रस्तुत नहीं किया गया है।
8. कलस्टर हेतु कॉमन इन्वायरमेंटल प्लान प्रस्तुत नहीं किया गया है।
9. परियोजना हेतु आवश्यक जल की आपूर्ति भूमिगत में स्थापित बोरवेल से किया जाना बताया गया है। इस हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया है।

10. इन्वायरमेंटल मैनेजमेंट पॉलिसी की जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है।

11. लोक सुनवाई दिनांक 03/10/2019 प्रातः 12:00 बजे स्थान शासकीय उचित मूल्य की दुकान के सामने ग्राम–मेढ़ेसरा तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग में संपन्न हुई। लोक सुनवाई कार्यवाही सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर के पत्र दिनांक 26/11/2019 द्वारा प्रेषित किया गया है।

12. **जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से निम्न सुझाव/विचार प्रस्तुत किये गये है–**

i. इस क्षेत्र की प्रमुख समस्या अतिक्रमण से पीड़ित हाईवे रोड जहाँ पर गिट्टी खदानों की बड़ी–बड़ी गाड़ियाँ चलती है, की स्थिति ठीक नहीं है तथा सड़कें अत्यंत जर्जर हो चुकी है। इन मार्गों का डी.एम.एफ. से प्राथमिकता राशि से संधारण करवाया जावे। डी.एम.एफ. से कोई विकास नहीं हुआ है।

ii. निश्चित समय पर ब्लास्टिंग होना चाहिए। सभी खदानों में एक समय पर ब्लास्टिंग होना चाहिए। जिससे सभी सुरक्षित रहेंगे। खदान एवं क्रेशर जो चालू होगा उसमें शासन का नियम लागू होगा। उसकी सतत् निगरानी शासन द्वारा किया जाए। क्रेशर को पूर्णतः ढककर जल छिड़काव की व्यवस्था होनी चाहिए। खदानों से निकलने वाले पानी को कृषक में फसलों की सिंचाई हेतु प्रदान किया जाए।

iii. प्राथमिकता के आधार पर संबंधित ग्रामों के लोगों को ही रोजगार दिया जाना चाहिए।

iv. खदान में वायु एवं जल प्रदूषण का नियंत्रण होना चाहिए। पर्यावरण के निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप खदानों का संचालन होना चाहिए।

v. खदानों में कोई भी वृक्षारोपण नहीं किया गया है। लगभग 300 फीट से भी गहरी खदानें है, जिसका पानी ठहरता नहीं है। जिससे कृषि भूमि प्रभावित हो रही है। ग्रामों में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। पर्यावरण हेतु वृक्षारोपण नहीं किया गया है। ब्लास्टिंग से बहुत आवाज आती है। अवैधानिक रूप से उत्खनन भी किया जा रहा है।

vi. गिट्टी के परिवहन हेतु बड़ी–बड़ी वाहनें चलती है, उसमें बहुत दुर्घटना होती है। इसकी गति में रोक लगाई जाए। रोड का भी संधारण किया जाना चाहिए।

**लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावक की ओर से उपस्थित प्रतिनिधि/कंसल्टेंट का कथन निम्नानुसार है–**

i. डी.एम.एफ. की राशि एवं सीएसआर की राशि से जिला प्रशासन के माध्यम से विकास का कार्य किया जाएगा।

ii. प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल छिड़काव एवं वृक्षारोपण की व्यवस्था की जाएगी।

iii. शिक्षित बेरोजगारों को योग्यता के आधार पर स्थानीय लोगों को आवश्यकतानुसार रोजगार हेतु प्राथमिकता दी जावेगी। पूर्व से ही खदानों में कार्यरत व्यक्तियों को भी रोजगार प्रदान किया जाएगा।

iv. जल स्तर 30 मीटर नीचे है। खदान से उत्खनन की अधिकतम गहराई 30 मीटर से कम रखी जाएगी।

v. जो खदानें बंद पड़ी हैं, उनमें वर्षा का पानी संग्रहित है। उनमें जल का संरक्षण किया जाएगा। वर्षा का पानी जिला प्रशासन की अनुमति से नियमानुसार/आवश्यकतानुसार कृषकों को भी दिया जाएगा।

vi. सभी खदानें अपनी लीज क्षेत्र में संचालित हैं। लीज क्षेत्र से बाहर उत्खनन नहीं किया जा रहा है।

**समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-**

1. लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर क्षेत्र में कुछ क्षेत्र में उत्खनन किया गया है। अतः उक्त उत्खनित क्षेत्र का विवरण, लंबाई, गहराई सहित नक्शा में प्रदर्शित कर वर्तमान में भराव (बैकफिल) हेतु प्रयुक्त मिट्टी / ओवरबर्डन की मात्रा की जानकारी प्रस्तुत की जाए। साथ ही रेस्टोरेशन (Restoration) प्लान प्रस्तुत किया जाए।

2. उत्खनन प्रक्रिया के दौरान उत्खनित ऊपरी मिट्टी (टॉप सॉईल) को लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर क्षेत्र में कितनी मात्रा में उपयोग किया जाएगा एवं शेष ऊपरी मिट्टी के उचित रख-रखाव के प्रस्ताव सहित संशोधित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया जाए।

3. जारी टी.ओ.आर. में दिये गये शर्त क्रमांक 23 एवं अतिरिक्त टी.ओ.आर. के बिन्दुओं का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए।

4. प्रस्तुत ई.आई.ए. में परिवेशीय ध्वनि स्तर में उत्खनन प्रक्रियाओं से उत्पन्न ध्वनि को शामिल करते हुये प्रभाव का आकलन तथा ध्वनि प्रतिरूपण (Noise Modeling) नहीं किया गया है। अतः तत्संबंध में जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

5. परिवेशीय वायु में पी.एम.$_{10}$ की मात्रा निर्धारित मानक से अधिक है। अतः उक्त के कारण को स्पष्ट किया जाए तथा प्रभावी नियंत्रण (Mitigation measure) संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

6. क्षेत्र के वाटर टेबल में जल की गहराई का मापन के आधार संबंधी प्रमाणिक जानकारी प्रस्तुत की जाए।

7. वर्तमान अवधि में उत्खनन कार्य किए जाने से परिवेशीय वायु, जल एवं ध्वनि गुणवत्ता में हुए विपरीत प्रभाव का आकलन कर, तदनुसार अध्ययन कर संशोधित रेमेडियल प्लान तथा नेचुरल एण्ड कम्युनिटी आगुमेंटेशन प्लान, इन्वायरमेंटल इम्पेक्ट असेसमेंट रिपोर्ट, इन्वायरमेंटल मैनेजमेंट प्लान प्रस्तुत की जाए।

8. वर्तमान अवधि में उत्खनन कार्य किए जाने से मिट्टी की गुणवत्ता में परिवर्तन / दुष्प्रभाव नहीं होने, वृक्षों की कटाई नहीं किए जाने आदि के संबंध में जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया जाए।

9. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव (प्रस्तावित स्कूल / स्थल का नाम, पता एवं एस्टीमेट सहित कार्यवार व्यय का विवरण) प्रस्तुत किया जाए।

10. क्लस्टर हेतु कॉमन इन्वायरमेंटल प्लान प्रस्तुत किया जाए। क्लस्टर में प्रदूषण नियंत्रण हेतु चिन्हित विभिन्न कार्यों (यथा क्लस्टर के सड़कों/एप्रोच रोड का पक्कीकरण एवं रखरखाव, परिवहन के दौरान सड़कों/एप्रोच रोड से उत्पन्न धूल उत्सर्जन का नियंत्रण, जल छिड़काव व्यवस्था, सड़कों/एप्रोच रोड के किनारे तथा क्लस्टर में उपलब्ध खुली भूमि में वृक्षारोपण, वाहन दुर्घटना का रोकथाम का

उद्यान, आदि) का विवरण एवं क्लस्टर में सम्मिलित प्रत्येक लीजधारक का उपर्युक्त प्रदूषण नियंत्रण के कार्यों के निष्पादन हेतु निर्धारित उत्तरदायित्व का विवरण प्रस्तुत करें।

11. परियोजना हेतु आवश्यक जल की आपूर्ति खदान में स्थापित बोरवेल से किए जाने हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण प्रस्तुत किया जाए।

12. इन्वॉयरमेंट मैनेजमेंट पॉलिसी की जानकारी प्रस्तुत की जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

5. **मेसर्स आनंद इंटरप्राईजेस (सहगांव लाईम स्टोन माईन), ग्राम–सहगांव, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 987)**

**ऑनलाईन आवेदन** – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/62857/2017, दिनांक 04/03/2017 द्वारा टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/48478/2017, दिनांक 15/12/2018 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु ई.आई.ए. रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया है।

**प्रस्ताव का विवरण** – यह दिनांक 07/10/2014 के पूर्व से संचालित चूना पत्थर (गौण खनिज) खदान है। खदान पार्ट ऑफ खसरा नं 384, 375, 381, 382 एवं 383, ग्राम–सहगांव, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग, कुल लीज क्षेत्र 3.237 हेक्टेयर है। खदान की प्रस्तावित उत्खनन क्षमता – 40,000 टन प्रतिवर्ष है। इस प्रकरण में समिति की 225वीं बैठक दिनांक 15/05/2017 को सुनवाई की गई थी, जिसमें टी.ओ.आर. जारी करने का निर्णय लिया गया था। प्रकरण के तथ्य निम्नानुसार हैं–

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – ग्राम पंचायत सहगांव द्वारा दिनांक 14/06/1998 को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. **उत्खनन योजना** – उप खान नियंत्रक एवं प्रभारी अधिकारी, भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर (छ.ग.) के पत्र क्रमांक दुर्ग/चूना/खयो–375/भाग/2016/15–रायपुर, दिनांक 09/06/2016 (वर्ष 2016–17 से 2020–21 तक की अवधि हेतु) द्वारा अनुमोदित मॉडिफाईड माईनिंग प्लान एवं प्रोग्रेसिव माईन क्लोजर प्लान प्रस्तुत किया गया है।
3. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–दुर्ग के पत्र क्रमांक 2191 दिनांक 17/01/2017 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर परिधि में कुल 13 खदानें रकबा 73.28 हेक्टेयर स्वीकृत / विद्यमान हैं।
4. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम शहर दुर्ग 25.4 कि.मी. एवं रेल्वे स्टेशन भिलाई नगर लगभग 22.67 कि.मी. की दूरी पर स्थित है।
5. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पॉल्यूटेड क्षेत्र, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

6. **लीज का विवरण** – लीज क्षेत्र की अवधि आनंद इंटरप्राईजेस के नाम पर है, जो 20 वर्षों अर्थात 10/10/1996 से 09/10/2016 तक की अवधि हेतु थी। कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला दुर्ग के पत्र क्रमांक 1283/खनिज/2015 दुर्ग दिनांक 05/10/2015 द्वारा खनिपट्टे की अवधि बढ़ाने हेतु पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करने बाबत् पत्र जारी किया गया है।

7. माईनेबल रिजर्व 14,38,786 टन है। लीज क्षेत्र में पिट 1 एवं पिट 2 कुल दो पिट है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर क्षेत्र छोड़ा गया है। उत्खनन सेमी मेकेनाईज्ड ओपन कास्ट विधि से किया जाता है। ड्रिलिंग हेतु जेक हेमरड्रिल का उपयोग किया जाता है। ब्लास्टिंग किया जाता है। बेंच की अंतिम (अल्टीमेट) ऊंचाई 3 मीटर एवं चौड़ाई 2 मीटर होगी। पिट 1 में 11 मीटर गहराई तक एवं पिट 2 में 28 मीटर गहराई तक उत्खनन हो गया है। उत्खनन की अधिकतम गहराई 35 मीटर होगी। विभिन्न खनन प्रक्रियाओं हेतु 6 किलोलीटर प्रतिदिन (डस्ट सप्रेशन 3 किलोलीटर प्रतिदिन, प्लांटेशन 2 किलोलीटर प्रतिदिन एवं घरेलु उपयोग हेतु 1 किलोलीटर प्रतिदिन) जल की आवश्यकता होती है, जिसका स्त्रोत बोरवेल है। वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जायेगा। विगत वर्षों के उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:–

उत्खनन की योजना

| वित्तीय वर्ष | वास्तविक उत्खनन (टन) |
|---|---|
| 1996–1997 | 120 |
| 1997–1998 | 2,000 |
| 1998–1999 | 1,528 |
| 1999–2000 | 2,490 |
| 2000–2001 | 1,791 |
| 2001–2002 | 3,100 |
| 2002–2003 | 2,895 |
| 2003–2004 | 3,475 |
| 2004–2005 | 4,800 |
| 2005–2006 | 3,800 |
| 2006–2007 | 4,950 |
| 2007–2008 | 16,200 |
| 2008–2009 | 15,200 |
| 2009–2010 | 25,700 |
| 2010–2011 | 32,000 |
| 2011–2012 | 15,500 |
| 2012–2013 | 16,000 |
| 2013–2014 | 25,000 |
| 2014–2015 | 32,000 |
| 2015–2016 | 15,540 |

| | |
|---|---|
| 2016–2017 | निरंक |
| 2017–2018 | निरंक |
| 2018–2019 | निरंक |

उत्खनन की वर्षवार प्रस्तावित योजना

| वित्तीय वर्ष | संभावित उत्खनन (घनमीटर) | उत्खनन क्षमता (टन) | रिजेक्ट (टन) |
|---|---|---|---|
| 2016–2017 | 18,107 | 40,000 | 1,811 |
| 2017–2018 | 18,163 | 40,000 | 1,816 |
| 2018–2019 | 18,034 | 40,000 | 1,803 |
| 2019–2020 | 17,968 | 40,000 | 1,797 |
| 2020–2021 | 18,012 | 40,000 | 1,801 |

नोट: तालिका में दशमलव के बाद के अंकों का सन्निकटीकरण किया गया है।

   iv. खदान में वायु एवं जल प्रदूषण का नियंत्रण होना चाहिए। पर्यावरण के निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप खदानों का संचालन होना चाहिए।

v. खदानों में कोई भी वृक्षारोपण नहीं किया गया है। लगभग 300 फीट से भी गहरी खदानें हैं, जिससे पानी ठहरता नहीं है। जिससे कृषि भूमि प्रभावित हो रही है। ग्राम में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। पर्यावरण हेतु वृक्षारोपण नहीं किया गया है। ब्लास्टिंग से बहुत आवाज आती है। अवैधानिक रूप से उत्खनन भी किया जा रहा है।

vi. मिट्टी के परिवहन हेतु बड़ी-बड़ी वाहनें चलती हैं, उससे बहुत दुर्घटना होती है। इनके गति में रोक लगाई जाए। रोड का भी संधारण किया जाना चाहिए।

**लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावक की ओर से उपस्थित प्रतिनिधि/कंसलटेंट का कथन निम्नानुसार है:-**

i. डी.एम.एफ. की राशि या रॉयल्टी की राशि से जिला प्रशासन के माध्यम से विकास का कार्य किया जाएगा।

ii. प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल छिड़काव एवं वृक्षारोपण की व्यवस्था की जाएगी।

iii. शिक्षित बेरोजगारों को योग्यता के आधार पर स्थानीय लोगों को आवश्यकतानुसार रोजगार हेतु प्राथमिकता दी जायेगी। पूर्व से ही खदानों में कार्यरत व्यक्तियों को भी रोजगार प्रदान किया जाएगा।

iv. जल स्तर 30 मीटर नीचे है। खदान में उत्खनन की अधिकतम गहराई 30 मीटर से कम रखी जाएगी।

v. जो खदानें बंद पड़ी है, उनमें वर्षा का पानी संग्रहित है। उनमें जल का संरक्षण किया जाएगा। वर्षा का पानी जिला प्रशासन की अनुमति से नियमानुसार/आवश्यकतानुसार कृषकों को भी दिया जाएगा।

vi. सभी खदानें अपनी लीज क्षेत्र में संचालित है। लीज क्षेत्र से बाहर उत्खनन नहीं किया जा रहा है।

**समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-**

1. लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर क्षेत्र में कुछ क्षेत्र में उत्खनन किया गया है। अतः उक्त उत्खनित क्षेत्र का विवरण, लंबाई, गहराई सहित नक्शे में प्रदर्शित कर वर्तमान में भराव (बैकफिलिंग) हेतु प्रयुक्त मिट्टी / ओवरबर्डन की मात्रा की जानकारी प्रस्तुत की जाए। साथ ही रिस्टोरेशन (Restoration) प्लान प्रस्तुत किया जाए।

2. उत्खनन प्रक्रिया के दौरान उत्खनित ऊपरी मिट्टी (टॉप सॉईल) को लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर क्षेत्र में कितनी मात्रा में उपयोग किया जाएगा एवं शेष ऊपरी मिट्टी के उचित रख-रखाव के प्रस्ताव सहित संशोधित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया जाए।

3. जारी टी.ओ.आर. में दिये गये शर्त क्रमांक 23 एवं अतिरिक्त टी.ओ.आर. के बिन्दुओं का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए।

4. प्रस्तुत ई.आई.ए. में परिवेशीय ध्वनि स्तर में उत्खनन प्रक्रियाओं से उत्पन्न ध्वनि को शामिल करते हुये प्रभाव का आंकलन तथा ध्वनि प्रतिरूपण (Noise Modeling) नहीं किया गया है। अतः उक्त की जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

5. परिवेशीय वायु में पी.एम.$_{10}$ की मात्रा निर्धारित मानक से अधिक है। अतः उच्च के कारण को स्पष्ट किया जाए तथा प्रभावी नियंत्रण (Mitigation measure) संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

6. ग्राउण्ड वॉटर टेबल में जल की गहराई का मापन का आधार संबंधी प्रमाणिक जानकारी प्रस्तुत की जाए।

7. उत्खनन अवधि में उत्खनन कार्य किए जाने से परिवेशीय वायु, जल एवं ध्वनि गुणवत्ता में हुए विपरीत प्रभाव का आंकलन कर, तदनुसार अद्यतन कर संशोधित रेमिडियल प्लान तथा नेचुरल एण्ड कम्युनिटी आग्युमेंटेशन प्लान, इन्वायरमेंटल इम्पैक्ट असेसमेंट रिपोर्ट, इन्वायरमेंट मैनेजमेंट प्लान प्रस्तुत की जाए।

8. उत्खनन अवधि में उत्खनन कार्य किए जाने से मिट्टी की गुणवत्ता में परिवर्तन / दुष्प्रभाव नहीं होने, वृक्षों की कटाई नहीं किए जाने आदि के संबंध में जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया जाए।

9. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव (प्रस्तावित स्कूल / स्थल का नाम, पता एवं एस्टीमेट सहित कार्यवार व्यय का विवरण) प्रस्तुत किया जाए।

10. क्लस्टर हेतु कॉमन इन्वायरमेंटल प्लान प्रस्तुत किया जाए। क्लस्टर में प्रदूषण नियंत्रण हेतु चिन्हित विभिन्न कार्यों (यथा क्लस्टर के सड़कों/एप्रोच रोड का पक्कीकरण एवं संधारण, परिवहन के दौरान सड़कों/एप्रोच रोड से उत्पन्न धूल उत्सर्जन का नियंत्रण, जल छिड़काव व्यवस्था, सड़कों/एप्रोच रोड के किनारे तथा क्लस्टर में उपलब्ध खुली भूमि में वृक्षारोपण, वाहन दुर्घटना का रोकथाम का उपाय, आदि) का विवरण एवं क्लस्टर में सम्मिलित प्रत्येक लीजधारक का उपरोक्त प्रदूषण नियंत्रण के कार्यों के निष्पादन हेतु निर्धारित उत्तरदायित्व का विवरण प्रस्तुत करें।

11. परियोजना हेतु आवश्यक जल की आपूर्ति वर्तमान में स्थापित बोरवेल से किए जाने हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण प्रस्तुत किया जाए।

12. इन्वायरमेंट मैनेजमेंट पॉलिसी की जानकारी प्रस्तुत की जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

**15. मेसर्स श्री दीपक गुप्ता (अमेठी सेण्ड माईन, ग्राम-अमेठी, तहसील व जिला-धमतरी), ब्राम्हण पारा, वार्ड नं. 12, गोबरा, नवापारा (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1068)**

**ऑनलाईन आवेदन** – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/132044/2019, दिनांक 17/12/2019।

**प्रस्ताव का विवरण** – यह पूर्व से संचालित रेत खदान (गौण खनिज) है। यह खदान ग्राम-अमेठी, तहसील-धमतरी, जिला-धमतरी स्थित खसरा क्रमांक 364, कुल लीज क्षेत्र 4.99 हेक्टेयर में है। उत्खनन महानदी से किया जाता है। खदान की प्रस्तावित उत्खनन क्षमता-99,800 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

**बैठकों का विवरण** –

**(अ) समिति की 308वीं बैठक दिनांक 16/01/2020**

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण उपरान्त **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-**

1. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर, वर्तमान में रेत सतह के लेवल्स (Levels) लेकर ग्रिड मैप में प्रदर्शित कर प्रस्तुत किये जावें। उक्त लेवल्स Levels हेतु कम से कम 2 टेम्परेरी बेंच मार्क (Concreted TBM structure) निर्मित किये जावें। टेम्परेरी बेंच मार्क (TBM) में आर.एल., को–ऑर्डिनेट्स (Co-ordinates) अंकित किये जावें। ग्रिड मैप में टेम्परेरी बेंच मार्क (TBM) को भी दर्शाकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जावें।
2. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की जाए। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा भी प्रस्तुत किया जावे।
3. प्रस्तावित खनन क्षेत्र की लंबाई एवं चौड़ाई तथा नदी के पाट की चौड़ाई की जानकारी प्रस्तुत की जाए।
4. विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।
5. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
6. खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को खदान में रेत के लेवल्स (Levels) लेने वाले सर्वेयर (Surveyor) के साथ आगामी माह की आयोजित बैठक में उपरोक्त समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज (मय खदान फोटोग्राफ्स) सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 31/01/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

**(ब) समिति की 308वीं बैठक दिनांक 04/02/2020**

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री विजय साहू, अधिकृत प्रतिनिधि एवं श्री हिरालाल कुर्रे, खनि निरीक्षक उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – रेत उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत अमेरी का दिनांक 11/09/2017 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. **चिन्हांकित/सीमांकित** – कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान चिन्हांकित/सीमांकित कर घोषित है।
3. **उत्खनन योजना** – माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो खनि अधिकारी, जिला–उत्तर–बस्तर कांकेर के ज्ञापन क्रमांक 779/खनिज/रेत.खो.अनु./रेत/2019–20 कांकेर, दिनांक 17/12/2019 द्वारा अनुमोदित है।
4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–धमतरी के ज्ञापन क्रमांक 1291/खनि./न.क./2019 धमतरी, दिनांक

13/12/2018 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर की परिधि में अन्य खदानों की संख्या निरंक है।

5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** — कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-धमतरी के ज्ञापन क्रमांक 1289/खनि/न.क्र./2018, धमतरी, दिनांक 13/12/2018 के अनुसार जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में मंदिर, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, बांध, एनीकट, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित नहीं है।

6. **एल.ओ.आई. का विवरण** — एल.ओ.आई. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-धमतरी के ज्ञापन क्रमांक 1237/खनिज/निविदा/ 2018 धमतरी, दिनांक 07/12/2018 द्वारा जारी की गई, जिसकी अवधि 2 वर्ष हेतु वैध है।

7. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** — भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 द्वारा विहित प्रारूप में डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** — निकटतम आबादी ग्राम-अमेठी 1 कि.मी., स्कूल ग्राम-अमेठी 1 कि.मी., राष्ट्रीय राजमार्ग 7 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 38 कि.मी. दूर है। पुल 12 कि.मी. दूर है।

9. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** — परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

10. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** — आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई — 706 मीटर तथा खनन स्थल की चौड़ाई — 240 मीटर दर्शाई गई है। खदान की नदी तट से दूरी 75 मीटर है।

11. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** — आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई — 3 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई — 2 मीटर दर्शाई गई है। आवेदन अनुसार खदान में उपलब्ध रेत की मात्रा — 96,000 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत सतह की मोटाई जानने के लिए प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। जिसके अनुसार रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर 5 गड्ढा (Pit) खोदकर उसमें रेत सतह की गहराई मापने के आधार पर, वर्तमान में रेत की उपलब्ध मोटाई 4.25 मीटर है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा भी प्रस्तुत किया गया है।

12. **खदान क्षेत्र में रेत सतह के लेवल्स** — रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर वर्तमान में पोस्ट-मानसून (Post-Monsoon) अवधि दिनांक 17/12/2018 को रेत सतह के लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है।

13. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण—**

    i. पूर्व में सरपंच, ग्राम पंचायत अमेठी के नाम से रेत खदान-खसरा क्रमांक 364, क्षेत्रफल 4.90 हेक्टेयर, क्षमता-75,000 घनमीटर प्रतिवर्ष हेतु जिला

स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जिला–धमतरी द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दिनांक 07/03/2018 को द्वारा जारी दिनांक से 1 वर्ष तक की अवधि हेतु जारी की गयी थी।

ii. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है। बाढ़ अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई।

iii. वर्ष 2018–19 में 30,832 घनमीटर रेत उत्खनन किया जाना बताया गया है।

iv. वृक्षारोपण नहीं किया गया है।

14. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विचार के बाद उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है–

| Capital Investment (in Lakh) | Percentage of Capital Investment to be Spent | Amount Required for CER Activities (in Lakh) | Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Particulars | CER Fund Allocation (in Lakh) |
| Rs. 40 | 2% | Rs. 0.80 | Following activities at Nearby Government Primary School Village Amethi | |
| | | | Rain Water Harvesting System | Rs. 0.40 |
| | | | Running water Facility for Toilets | Rs. 0.15 |
| | | | Plantation work | Rs. 0.25 |
| | | | **Total** | **Rs. 0.80** |

समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किया गया कि सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव एक माह में प्रस्तुत किया जाए।

15. रेत उत्खनन मैनुअल विधि से एवं भराई का कार्य लोडर द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है।

16. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 2 मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति मांगी है। अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुनर्भरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी आंकड़ों का समावेश नहीं किया गया है। महानदी बड़ी नदी है तथा इसमें वर्षाकाल में सामान्यतः 1.5 मीटर गहराई से अधिक रेत का पुनर्भरण होने की संभावना है।

**समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया–**

1. आवेदित खदान (ग्राम–अमेठी) का रकबा 4.99 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर से अधिक का क्लस्टर निर्मित नहीं होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।

2. **वृक्षारोपण कार्य** – पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति अनुसार वृक्षारोपण नहीं किया गया है। प्राथमिकता के आधार पर नदी तट पर कुल 2,500 नग पौधे – 1,000 नग अर्जुन के पौधे तथा शेष 1,500 नग (जामुन, करंज, बांस, आम आदि) पौधे लगाए जायेंगे। पहुंच मार्ग पर 1,000 नग पौधे लगाए जायेंगे।

3. परियोजना प्रस्तावक रेत खदान क्षेत्र में आगामी 1.5 वर्ष में विस्तृत गाद अध्ययन (Siltation Study) करायेगा, ताकि रेत के पुनर्भरण (Replenishment) संबंधी सही आंकड़े, रेत उत्खनन का नदी, नदीतल, स्थानीय वनस्पति, जीव एवं सूक्ष्म जीवों पर प्रभाव तथा नदी के पानी की गुणवत्ता पर रेत उत्खनन के प्रभाव की सही जानकारी प्राप्त हो सके।

4. रेत पुनर्भरण की स्थिति के आंकलन हेतु परियोजना प्रस्तावक द्वारा माह मई 2020 के अंत में मानसून पूर्व (रेत उत्खनन समाप्त होने के बाद) रेत खदान में पूर्व निर्धारित चिह्न बिन्दुओं तथा लीज के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में कम से कम 100 मीटर की दूरी तक के रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन भी किए जाएंगे। इसके अलावा खनन लीज के बाहर / नदी तट (दोनों) से 100 मीटर तक के क्षेत्र में रेत सतह के लेवल्स Levels का मापन भी किया जाएगा। इसी प्रकार पोस्ट–मानसून में (रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व माह अक्टूबर) इन्हीं चिह्न बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स Levels का मापन किया जाएगा। पोस्ट–मानसून के आंकड़े दिसम्बर 2020, 2021, 2022 एवं प्री–मानसून के आंकड़े अगस्त 2020, 2021, 2022 तक अनिवार्य रूप से एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किए जायेंगे। रेत सतह के पूर्व निर्धारित चिह्न बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स Levels का मापन का कार्य आगामी 3 वर्ष तक निरंतर किया जाएगा।

5. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से श्री दीपक गुप्ता, अमेरी सेण्ड माईन की खसरा क्रमांक 364, ग्राम–अमेरी, तहसील व जिला–धमतरी, कुल लीज क्षेत्र 4.99 हेक्टेयर में रेत उत्खनन अधिकतम 1.5 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुए कुल 75,000 घनमीटर प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट–03** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति, जारी दिनांक से 02 वर्ष तक की अवधि हेतु दिये जाने की अनुशंसा की गई। रेत की खुदाई श्रमिकों द्वारा (Manually) की जाएगी। रिवर बेड में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। लीज क्षेत्र में स्थित रेत खुदाई गड्ढे (Excavation pits) से लोडिंग प्वाईंट तक रेत का परिवहन ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा किया जाएगा।

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदानुसार सूचित किया जाए।

11. **मेसर्स श्री केतन आनंद चौधरी (कोटरासरार सेण्ड माईन, ग्राम–कोटरासरार, तहसील–डोंगरगांव, जिला–राजनांदगांव), बीएनसी मिल कॉलोनी, जिला–राजनांदगांव (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1037)**

**ऑनलाईन आवेदन** – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 127142/2018, दिनांक 28/11/2018। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियाँ होने से ज्ञापन दिनांक 06/12/2018 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 17/12/2018 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

**प्रस्ताव का विवरण** — यह प्रस्तावित रेत खदान (गौण खनिज) है। यह खदान ग्राम–औरेखासरा, तहसील–डोंगरगांव, जिला–राजनांदगांव स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 848, कुल लीज क्षेत्र 2.6 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। उत्खनन शिवनाथ नदी से किया जाना प्रस्तावित है। खदान की अपेक्षित उत्पादन क्षमता–52,000 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

**बैठकों का विवरण** –

**(अ) समिति की 305वीं बैठक दिनांक 16/01/2020**

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण, तथा तत्पश्चात **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था**–

1. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर, वर्तमान में रेत सतह की लेवल्स (Levels) लेकर ग्रिड मैप में प्रदर्शित कर प्रस्तुत किये जायें। उक्त लेवल्स (Levels) हेतु कम से कम 2 टेम्परेरी बैंच मार्क (Concreted TBM structure) निर्धारित किये जावें। टेम्परेरी बैंच मार्क (TBM) में आर.एल., को–ऑर्डिनेट्स (Co-ordinates) अंकित किये जायें। ग्रिड मैप में टेम्परेरी बैंच मार्क (TBM) को भी दर्शाकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जायें।
2. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की जाए। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा भी प्रस्तुत किया जावे।
3. प्रस्तावित खनन क्षेत्र की लंबाई एवं चौड़ाई तथा नदी के पाट की चौड़ाई की जानकारी प्रस्तुत की जाए।
4. यदि पूर्व में आवेदित स्थल पर खनन हेतु राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ अथवा जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (डी.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दी गई हो, तो पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।
5. यदि खदान पूर्व से संचालित है, तो विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।
6. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) द्वारा खदान की सिफारिश/सीमांकन का प्रोफाईल संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए।
7. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
8. खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को खदान में रेत के लेवल्स (Levels) लेने वाले सर्वेयर (Surveyor) के साथ आगामी माह की आयोजित बैठक में उपरोक्त समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

पत्रानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 31/01/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

**(ब) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04/02/2020:**

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री गौतम आनंद चौधरी, अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित हुए। समिति द्वारा मामले, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – रेत उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत कोटलभरदा का दिनांक 02/10/2017 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. **चिन्हांकित/सीमांकित** – कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान चिन्हांकित/सीमांकित रूप घोषित है।
3. **उत्खनन योजना** – खनन प्लान प्रस्तुत किया गया है जो उप संचालक (खा.प्र.), संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 8326/खनि02/रेत(खदान)/न.क्र. 315/2019 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 19/11/2019 द्वारा अनुमोदित है।
4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 2977/खलि. 03/2019 राजनांदगांव, दिनांक 22/11/2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर की परिधि अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है।
5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 2977/खलि. 03/2019 राजनांदगांव, दिनांक 22/11/2019 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मरघट, कब्रगाह, स्कूल, पुल, बांध, डैम, एनीकट एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।
6. **एल.ओ.आई. का विवरण** – एल.ओ.आई. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 21107/खलि. 06/2019 राजनांदगांव, दिनांक 03/10/2019 द्वारा जारी की गई, जिसकी अवधि 2 वर्ष हेतु वैध है।
7. **डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 द्वारा निर्धारित प्रारूप में डिस्ट्रीक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।
8. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–कोटलभरदा 0.8 कि.मी. एवं अस्पताल कोटलभरदा 1.8 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राजमार्ग 5 कि.मी. दूर है। पुल 400 मीटर दूर है। स्वीकृत रेत खदान के अपस्ट्रीम में 400 मीटर की दूरी पर पुल स्थित है। एनीकट की दूरी 400 मीटर से अधिक है।
9. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** –परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

10. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – 165 मीटर तथा खनन स्थल की चौड़ाई – 85 मीटर दर्शाई गई है।

11. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** – आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई – 5 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई – 2 मीटर दर्शाई गई है। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार खदान में माईनेबल रेत की मात्रा – 52,000 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वास्तव में उपलब्ध रेत परत की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, छायाचित्र सहित प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है।

12. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– पूर्व में इस खदान हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति जारी की गई थी अथवा नहीं? संबंधी जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है।

13. **खदान क्षेत्र में रेत सतह के लेवल्स** – रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर वर्तमान में प्री-मानसून (Pre-Monsoon) द्वारा दिनांक 25/06/2019 को रेत सतह के लेवल्स (Levels) की जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त रिपोर्ट में उपयुक्त टेम्पररी बैंच मार्क का चयन नहीं किया गया है तथा बिन्दुओं को ग्रिड मैप में प्रदर्शित भी नहीं किया गया है। वर्तमान स्थापित टेम्पररी बैंच मार्क का वर्ष एवं अन्य मानकों से प्रतिस्थापित होना अपेक्षित है। समिति वांछित की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई है।

14. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विचार के पश्चात उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

| Capital Investment (in Lakh) | Percentage of Capital Investment to be Spent | Amount Required for CER Activities (in Lakh) | Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Particulars | CER Fund Allocation (in Lakh) |
| Rs. 12 | 2% | Rs. 0.24 | Following activities at Nearby Government Primary School, Village-Kotrasarai | |
| | | | Rain Water Harvesting System | Rs. 0.45 |
| | | | Total | Rs. 0.45 |

समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किया गया कि सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

**समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–**

1. प्रस्तावित स्थान से निकटतम पुल, बांध, एनीकट एवं जल आपूर्ति स्कीम की दूरी बाबत् जानकारी प्रस्तुत की जाए।

2. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का जिओ टैगकत्र, वर्तमान में रेत सतह के लेवल्स (Levels) लेकर जिओ मैप में प्रदर्शित कर प्रस्तुत किये जावें। उक्त लेवल्स (Levels) हेतु कम से कम 2 टेम्पररी बेंच मार्क (Concreted TBM structure) निर्धारित किये जावें। टेम्पररी बेंच मार्क (TBM) में आर.एल., को-ऑर्डिनेट्स (Co-ordinates) अंकित किये जावें। जिओ मैप में टेम्पररी बेंच मार्क (TBM) को भी दर्शाकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जावें।

3. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत की मोटाई जानने के लिए प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (पिट) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की जाए। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा भी प्रस्तुत किया जावे।

4. प्रस्तावित खनन क्षेत्र की लंबाई एवं चौड़ाई तथा नदी के पाट की चौड़ाई की जानकारी प्रस्तुत की जाए।

5. यदि पूर्व में आवेदित स्थल पर खनन हेतु राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ अथवा जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (डी.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दी गई हो, तो पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।

6. यदि खदान पूर्व से संचालित है, तो विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।

7. परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

**12. मेसर्स मेडेसरा लाईम स्टोन माईन (प्रो.–श्रीमती अल्पा श्रीवास्तव), ग्राम–मेडेसरा, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 730)**

**ऑनलाईन आवेदन** – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/26182/2018, दिनांक 11/07/2018 द्वारा टीओआर हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/48549/2018, दिनांक 18/12/2018 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु ई.आई.ए. रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया है।

**प्रस्ताव का विवरण** – यह प्रस्तावित चूना पत्थर खदान (मुख्य खनिज) है। यह खदान ग्राम–मेडेसरा, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग स्थित खसरा क्रमांक 1002/1, 1002/2, 1002/4, 1002/3, 1003/1, 1003/5, 1003/2, 1003/6, 1004, 1006 एवं 1006/2, कुल लीज क्षेत्र 8.20 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। खदान की आवेदित उत्खनन एवं क्रेशिंग क्षमता – 1,88,000 टन प्रतिवर्ष है। इस प्रकरण में समिति की 288वीं बैठक दिनांक 26/10/2018 को सुनवाई की गई थी, जिसमें टीओआर जारी करने का निर्णय लिया गया था। प्रकरण के तथ्य निम्नानुसार है–

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – ग्राम पंचायत मेड़ेसरा द्वारा दिनांक 22/07/2009 को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. **उत्खनन योजना** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा माईनिंग प्लान एलांगविथ प्रोग्रेसिव माइन क्लोजर प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप खान नियंत्रक एवं प्रभारी अधिकारी, भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर के पत्र क्रमांक दुर्ग/ चूप/ खदा–1170/ खान/ 2016–42/ रायपुर दिनांक 23/06/2016 द्वारा अनुमोदित है।
3. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–दुर्ग के पत्र क्रमांक 1032/खनिज 2016 दुर्ग, दिनांक 24/11/2016 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर परिधि में कुल 04 खदानें रकबा 01.38 हेक्टेयर स्वीकृत / विद्यमान है।
4. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** –निकटतम आबादी ग्राम–मेड़ेसरा 1.15 कि.मी. स्कूल एवं अस्पताल ग्राम–मेड़ेसरा 1.2 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। शिवनाथ नदी 2.8 कि.मी. दूर है।
5. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड क्षेत्र, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।
6. **एल.ओ.आई. का विवरण** – एल.ओ.आई. छत्तीसगढ़ शासन, खनिज साधन विभाग, मंत्रालय, नया रायपुर के ज्ञापन क्रमांक एफ 3-7/2012/12 दिनांक 14/03/2016 के द्वारा माईनिंग प्लान तैयार करवाये जाने एवं पर्यावरणीय अनुमति प्राप्त किये जाने के लिए जारी की गई है।
7. जियोलॉजिकल रिजर्व 3.837 मिलियन टन एवं माईनेबल रिजर्व 1.427 मिलियन टन बताया गया है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर खुला क्षेत्र छोड़ा जाएगा। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाईज्ड विधि से उत्खनन किया जाएगा। ब्लॉक का क्षेत्रफल 0.1 हेक्टेयर है। उत्खनन की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 11 मीटर होगी। ड्रिलिंग एवं कन्ट्रोल्ड ब्लास्टिंग किया जाएगा। बेंच की ऊंचाई 3 मीटर एवं चौड़ाई 3 मीटर होगी। ऊपरी मिट्टी की मोटाई 1.5 मीटर है। खदान की प्रस्तावित आयु 11 वर्ष है। लगभग 10 किलो लीटर प्रतिदिन (ड्रिलिंग एवं डस्ट सप्रेशन, प्लांटेशन, घरेलू उपयोग) जल की आवश्यकता होगी। वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव एवं वृक्षारोपण किया जाएगा। प्रस्तावित उत्खनन की वर्षवार योजना का विवरण निम्नानुसार है–

उत्खनन की योजना

| वर्ष | प्रस्तावित उत्खनन ROM (टन) |
|---|---|
| प्रथम वर्ष | 18,000 |
| द्वितीय वर्ष | 22,400 |
| तृतीय वर्ष | 26,800 |
| चतुर्थ वर्ष | 44,800 |
| पंचम वर्ष | 67,200 |
| **कुल** | **1,79,200** |

नोटः तालिका में दशमलव के बाद के अंकों का सन्निकटीकरण किया गया है।

8. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 11/02/2019 द्वारा प्रकरण बी–1 केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टेण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेन्स (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 1(a) का स्टेण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) नॉन कोल माइनिंग प्रोजेक्ट्स हेतु टीओआर जारी किया गया।

**बैठकों का विवरण –**

**(अ) समिति की 308वीं बैठक दिनांक 16/01/2020**

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **ई.आई.ए. रिपोर्ट का विश्लेषण**–

   i. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी** – मॉनिटरिंग कार्य अक्टूबर 2018 से दिसम्बर 2018 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 19 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 11 स्थानों पर भू-जल गुणवत्ता मापन, 18 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 8 स्थानों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 9 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।

   ii. मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार पी.एम.$_{2.5}$ 24.8 से 46.1 माइक्रोग्राम/घनमीटर, पी.एम.$_{10}$ 62 से 112.7 माइक्रोग्राम/घनमीटर, एसओ$_2$ 9.0 से 13.9 माइक्रोग्राम/घनमीटर तथा एनओ$_x$ 14.2 से 19.8 माइक्रोग्राम/घनमीटर पाई गई है। परियोजना क्षेत्र के आसपास जल स्रोतों की गुणवत्ता भारतीय मानक के अनुसार है। परिवेशीय ध्वनि स्तर (Day time) 36.1 डीबीए से 58.5 डीबीए एवं ध्वनि स्तर (Night time) 28.4 डीबीए से 42.1 डीबीए पाया गया।

**समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था–**

1. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
2. परियोजना प्रस्तावक को आगामी माह की आयोजित बैठक में उपरोक्त समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) सहित प्रस्तुतीकरण दिए जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तद्नुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 31/01/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

(ब) समिति की 30वीं बैठक दिनांक 04/02/2020

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री राजय श्रीवास्तव, अधिकृत प्रतिनिधि एवं प्रोजेक्ट सलाहकार के रूप में मेसर्स ग्रीन सिटी इन्वायरो कंसल्ट, भोपाल की ओर से श्री विजय साहू उपस्थित हुए। समिति द्वारा मसौदे, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:–

1. प्रस्तुत ई.आई.ए. में ध्वनि के प्रभाव का आकलन तथा ध्वनि प्रतिरूपण (Noise Modeling) नहीं किया गया है।
2. मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार परिवेशीय वायु में पी.एम.$_{10}$ 40 से 112.7 माइक्रोग्राम/घनमीटर बताया गया है, जो कि निर्धारित मानक से अधिक है।
3. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव (प्रस्तावित स्कूल / स्थल का नाम, कार्य एवं कार्यवार व्यय का विवरण) प्रस्तुत नहीं किया गया है।
4. क्लस्टर हेतु कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लान प्रस्तुत नहीं किया गया है।
5. इन्वायरोमेंट मैनेजमेंट पॉलिसी की जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है।
6. लोक सुनवाई दिनांक 03/10/2019 प्रातः 12:00 बजे स्थान शासकीय उचित मूल्य की दुकान के सामने ग्राम–मेड़ेसरा तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग में संपन्न हुई। लोक सुनवाई कार्यवाही सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर के पत्र दिनांक 26/11/2019 द्वारा प्रेषित किया गया है।
7. **जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से निम्न सुझाव/विचार प्रस्तुत किये गये है:–**
   i. इस क्षेत्र की ज्वलंत समस्या अधिकतम से अधिक गहरा होकर जहाँ पर गिट्टी खदानों की बड़ी–बड़ी गहराईया बनती है और स्थिति ठीक नहीं है तथा सड़के अत्यंत जर्जर हो चुकी है। इस पानी का डी.एम.एफ. से उपलब्ध राशि से संरक्षण करवाया जावे। डी.एम.एफ. से कोई विकास नहीं हुआ है।
   ii. निश्चित समय पर ब्लास्टिंग होना चाहिए। सभी खदानों में एक समय पर ब्लास्टिंग होना चाहिए। जिससे सभी सुरक्षित रहेंगे खदान एवं क्रेशर की धूल होगा उसमें छिड़काव का नियम लागू होगा। इसकी सतत् निगरानी शासन द्वारा किया जाए। क्रेशर को पूर्णतः कवर्ड होकर जल छिड़काव की व्यवस्था होनी चाहिए। खदानों से निकलने वाले पानी को मुफ्त में फसलों की सिंचाई हेतु प्रदान किया जाए।
   iii. प्राथमिकता के आधार पर संबंधित ग्रामों के लोगों को ही रोजगार दिया जाना चाहिए।
   iv. खदान में वायु एवं जल प्रदूषण का नियंत्रण होना चाहिए। पर्यावरण के निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप खदानों का संचालन होना चाहिए।
   v. खदानों में कोई भी वृक्षारोपण नहीं किया गया है। लगभग 300 फीट से भी गहरी खदाने है, जिसके पानी ठहरता नहीं है। जिससे कृषि भूमि प्रभावित हो रही है। ग्रामों में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। पर्यावरण हेतु वृक्षारोपण नहीं किया गया है। ब्लास्टिंग से बहुत आवाज आती है। अवैधानिक रूप से उत्खनन भी किया जा रहा है।

vii. मिट्टी के परिवहन हेतु बड़ी-बड़ी गाड़ियाँ चलती हैं, जिससे बहुत दुर्घटना होती है। इसके चलते में रोक लगाई जाए। रोड का भी संधारण किया जाना चाहिए।

**लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावक की ओर से उपस्थित प्रतिनिधि/कंसलटेंट का कथन निम्नानुसार है:-**

i. डी.एम.एफ. की राशि या सीएसआर की राशि से जिला प्रशासन के माध्यम से विकास का कार्य किया जाएगा।

ii. प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल छिड़काव एवं वृक्षारोपण की व्यवस्था की जाएगी।

iii. शिक्षित बेरोजगारों को योग्यता के आधार पर स्थानीय लोगों को आवश्यकतानुसार रोजगार हेतु प्राथमिकता दी जाएगी। पूर्व से ही खदानों में कार्यरत व्यक्तियों को भी रोजगार प्रदान किया जाएगा।

iv. जल स्तर 30 मीटर नीचे है। खदान से उत्खनन की अधिकतम गहराई 30 मीटर से कम रखी जाएगी।

v. जो खदानें बंद पड़ी हैं, उनमें वर्षा का पानी संग्रहित है। उनमें जल का संरक्षण किया जाएगा। वर्षा का पानी जिला प्रशासन की अनुमति से नियमानुसार/आवश्यकतानुसार कृषकों को भी दिया जाएगा।

vi. सभी खदानें अपनी लीज क्षेत्र में संचालित है। लीज क्षेत्र से बाहर उत्खनन नहीं किया जा रहा है।

**समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-**

1. उत्खनन प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न ऊपरी मिट्टी (टॉप सॉईल) को लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर क्षेत्र में कितनी मात्रा में उपयोग किया जाएगा एवं शेष ऊपरी मिट्टी के संचित रख-रखाव के प्रस्ताव सहित संशोधित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया जाए।

2. जारी टी.ओ.आर. में दिये गये शर्त क्रमांक 23 एवं अतिरिक्त टी.ओ.आर. के बिन्दुओं का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए।

3. प्रस्तुत ई.आई.ए. में परिवेशीय ध्वनि स्तर में उत्खनन प्रक्रियाओं से उत्पन्न ध्वनि को शामिल करते हुये प्रभाव का आकलन तथा ध्वनि प्रतिरूपण (Noise Modelling) नहीं किया गया है। अतः गणना कर जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

4. परिवेशीय वायु में पी.एम.$_{10}$ की मात्रा निर्धारित मानक से अधिक है। अतः उक्त के कारण को स्पष्ट किया जाए तथा प्रभावी नियंत्रण (Mitigation measure) संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

5. प्रस्तावित पीजो मीटर से जल की गहराई का मापन के आधार संबंधी प्रामाणिक जानकारी प्रस्तुत की जाए।

6. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव (प्रस्तावित स्कूल / स्थल का नाम, पता एवं एस्टीमेट सहित कार्यवार व्यय का विवरण) प्रस्तुत किया जाए।

7. क्रशर हेतु वांछित इन्वायरमेंटल प्लान प्रस्तुत किया जाए। क्रशर में प्रदूषण नियंत्रण हेतु विभिन्न कार्यों (जैसा क्रशर के सड़कों/एप्रोच रोड का पक्कीकरण एवं संधारण, परिवहन के दौरान सड़कों/एप्रोच रोड से उत्पन्न धूल

उत्सर्जन का नियंत्रण, जल छिड़काव व्यवस्था, सड़कों/एप्रोच रोड के किनारे तथा क्लस्टर में उपलब्ध खुली भूमि में वृक्षारोपण, वाहन दुर्घटना का रोकथाम का उपाय, आदि) का विवरण एवं क्लस्टर में सम्मिलित प्रत्येक परियोजना का उपरोक्त प्रदूषण नियंत्रण के कार्यों के निष्पादन हेतु निर्धारित उत्तरदायित्व का विवरण प्रस्तुत करें।

8. परियोजना हेतु आवश्यक जल की आपूर्ति का स्त्रोत स्पष्ट किया जाए। भू-जल का उपयोग किये जाने की स्थिति में सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण प्रस्तुत किया जाए।

9. एन्वायरमेंट मैनेजमेंट पॉलिसी की जानकारी प्रस्तुत की जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

**13. मेसर्स कल्पेश क्वारी लाईम स्टोन माईन्स, ग्राम-सहगांव, तहसील-धमधा, जिला-दुर्ग (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 694)**

**ऑनलाईन आवेदन** – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/74407/2018, दिनांक 13/04/2018 द्वारा टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/48624/2019, दिनांक 18/12/2019 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु ई.आई.ए. रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया है।

**प्रस्ताव का विवरण** – यह दिनांक 15/01/2016 के पूर्व से संचालित चूना पत्थर खदान (गौण खनिज) है। यह खदान ग्राम-सहगांव, तहसील-धमधा, जिला-दुर्ग स्थित खसरा क्रमांक 184/1(पी), कुल लीज क्षेत्र 4.047 हेक्टेयर में है। खदान की प्रस्तावित उत्खनन क्षमता-18,732.5 टन प्रतिवर्ष है। खदान 15/01/2016 के पश्चात बिना पर्यावरणीय स्वीकृति के उत्खनन जारी रखने के कारण यह प्रकरण उल्लंघन की श्रेणी का है। इस प्रकरण में समिति की 280वीं बैठक दिनांक 27/10/2018 को सुनवाई की गई थी, जिसमें टीओआर जारी करने का निर्णय लिया गया था। प्रकरण के तथ्य निम्नानुसार है:-

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – ग्राम पंचायत ग्राम-सहगांव द्वारा दिनांक 28/09/2003 को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. **उत्खनन योजना** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा मॉडिफिकेशन माईनिंग प्लान एण्ड प्रोग्रेसिव माईन क्लोजर प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो क्षेत्रीय खान नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर (छ.ग.) के ज्ञापन क्रमांक 1097/डीआरजी/एमपीटी/एमपीआरएम/2017 रायपुर दिनांक 27/08/2017 को वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक की अवधि हेतु अनुमोदित है।
3. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला-दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 186 दिनांक 18/04/2017 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर परिधि में कुल 15 खदानें रकबा 83.88 हेक्टेयर स्वीकृत / विद्यमान है।
4. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम-सहगांव 0.68 कि.मी., शहर भिलाई 22 कि.मी., शासकीय स्कूल ग्राम-सहगांव में 0.86 कि.मी., अस्पताल

ग्राम—नंदनी 45 कि.मी. एवं रेल्वे स्टेशन भिलाई 22 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 22 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 1.24 कि.मी. दूर है। छोटा नाला 80 मीटर एवं शिवनाथ नदी 1 कि.मी.है।

5. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** —परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड क्षेत्र, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

6. **लीज का विवरण** — लीज क्षेत्र मेसर्स [illegible] के नाम पर है। लीज क्षेत्र 20 वर्षों के लिए 06/12/1981 से 05/12/2001 तक की अवधि हेतु दिया था। लीज क्षेत्र दिनांक 06/12/2001 से 05/12/2021 तथा दिनांक 06/12/2021 से 05/12/2031 तक की अवधि हेतु नवीनीकृत है।

7. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला—दुर्ग के ज्ञापन दिनांक 18/01/1982 द्वारा उत्खनन कार्य हेतु भू-प्रवेश की अनुमति प्रदान की गई थी। उत्खनन कार्य दिनांक 01/04/1982 को प्रारंभ किया गया था। वर्तमान में उत्खनन कार्य जून 2017 से बंद होना प्रतिवेदित किया है।

8. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला—दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 1012, दिनांक 24/10/2018 द्वारा उत्खनन प्रारंभ करने की तिथि से वर्षवार उत्पादन स्थिति में उत्खनित खनिज की मात्रा की प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है।

9. कार्यालय वनमंडलाधिकारी, दुर्ग वनमंडल, जिला—दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 6036, दिनांक 20/09/2018 अनुसार निकटतम वन क्षेत्र नंदिनी—खुंदनी से खदान की दूरी लगभग 3 कि.मी. पर स्थित है। वन क्षेत्र की बाउण्ड्री से लीज क्षेत्र की दूरी लगभग 6 कि.मी. दूर है।

10. जियोलॉजिकल रिजर्व 12,10,000 टन एवं माईनेबल रिजर्व 2,10,000 टन है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर (0.86 हेक्टेयर) खुला क्षेत्र छोड़ा गया है। ओपन कास्ट सेमी मेकेनाईज्ड विधि से उत्खनन किया जाता है। उत्खनन की वर्तमान एवं अंतिम गहराई 32 मीटर है। अंतिम वर्तमान में खनन [illegible] बेंच में किया जाएगा। बेंच की ऊंचाई 3 मीटर एवं चौड़ाई 3 मीटर है। ऊपरी मिट्टी की मोटाई 1.5 मीटर है। खदान की संभावित आयु 8 वर्ष है। ड्रिलिंग हेतु जेक हैमर ड्रिल का उपयोग किया जाता है। ब्लास्टिंग किया जाता है। विभिन्न खनन प्रक्रियाओं हेतु 5 किलोलीटर प्रतिदिन जल की आवश्यकता होती है। जल का स्त्रोत बोरवेल है। वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर खुला क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जाएगा। विगत वर्षों के उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है—

**उत्खनन की योजना**

| वित्तीय वर्ष | वास्तविक उत्खनन (टन) |
|---|---|
| 1994–1995 | 4,407 |
| 1995–1996 | 69,872 |
| 1996–1997 | 6,711 |

| | |
|---|---|
| 1997–1998 | 1,360 |
| 1998–1999 | 1,710 |
| 1999–2000 | 1,380 |
| 2000–2001 | 820 |
| 2001–2002 | 1,320 |
| 2002–2003 | 8,316 |
| 2003–2004 | 14,770 |
| 2004–2005 | 3,319 |
| 2005–2006 | 5,015 |
| 2006–2007 | 6,950 |
| 2007–2008 | 7,750 |
| 2008–2009 | 4,650 |
| 2009–2010 | 2,450 |
| 2010–2011 | 1,680 |
| 2011–2012 | 10,880 |
| 2012–2013 | 6,570 |
| 2013–2014 | 12,280 |
| 2014–2015 | 3,650 |
| 2015–2016 | 450 |
| 2016–2017 | 1,750 |
| 2017–2018 | 260 |
| 2018–2019 | निरंक |

**उत्खनन की वर्षवार प्रस्तावित योजना**

| वर्ष | उत्खनन क्षमता (टन) |
|---|---|
| 2017–18 | 10,230 |
| 2018–19 | 13,250 |
| 2019–20 | 15,100 |
| 2020–21 | 16,700 |
| 2021–22 | 16,732 |
| **कुल** | **72,012** |

**नोट:** तालिका में दशमलव के बाद के अंको का सन्निकटीय किया गया है।

11. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– पूर्व में परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस खदान हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई है।

एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 11/02/2019 द्वारा अधिसूचना का.आ. 1030 (अ) दिनांक 28/03/2018 के प्रावधानों के अनुसार इन्वायरनमेंट इम्पेक्ट असेसमेंट रिपोर्ट, इन्वायरनमेंट मेनेजमेंट प्लान आदि तैयार करने हेतु भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल 2015 में प्रकाशित कोयी

1(ए) का स्टैण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) नॉन कोल माईनिंग प्रोजेक्ट्स हेतु टीओआर जारी किया गया।

एस.ई.आई.ए.ए. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 15/02/2019 द्वारा परियोजना प्रस्तावक के विरूद्ध पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अनुसार वैधानिक कार्यवाही करने एवं स्थापना सम्मति / संचालन सम्मति जारी नहीं किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया।

**बैठकों का विवरण –**

**(अ) समिति की 305वीं बैठक दिनांक 16/01/2020:**

समिति द्वारा नक्शे, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **ई.आई.ए. रिपोर्ट का विश्लेषण–**
   1. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी –** मॉनिटरिंग कार्य अक्टूबर 2018 से दिसम्बर 2018 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 19 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 11 स्थानों पर भू-जल गुणवत्ता मापन, 19 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 8 स्थानों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 8 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।
   2. मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार पी.एम.$_{2.5}$ 24.8 से 46.1 माईक्रोग्राम/घनमीटर, पी.एम.$_{10}$ 63 से 112.7 माईक्रोग्राम/घनमीटर, एस.ओ.$_2$ 9.0 से 13.8 माईक्रोग्राम/घनमीटर तथा एन.ओ.$_x$ 14.2 से 18.8 माईक्रोग्राम/घनमीटर पाई गई है। परियोजना स्थल के आसपास जल स्त्रोतों की गुणवत्ता भारतीय मानक के अनुसार है। परिवेशीय ध्वनि स्तर (Day time) 35.1 डीबीए से 59.5 डीबीए एवं ध्वनि स्तर (Night time) 28.4 डीबीए से 42.1 डीबीए पाया गया।

**समिति द्वारा सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था–**

1. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
2. परियोजना प्रस्तावक को आगामी माह की आयोजित बैठक में उपरोक्त समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज (अक्षांश फोटोग्राफ्स) सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तद्नुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 31/01/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

**(ब) समिति की 308वीं बैठक दिनांक 04/02/2020:**

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री संजय शाह, अधिकृत प्रतिनिधि एवं प्रोजेक्ट सलाहकार के रूप में मेसर्स इन विट्रू इन्वायरो कंसल्टेंट्स, भोपाल की ओर से श्री विजय शाह उपस्थित हुए। समिति द्वारा नक्शे, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि जनवरी से मार्च 2016 तक 300 टन, वर्ष 2016–17 में 1,730 टन एवं वर्ष 2017–18 में 250 टन उत्खनन किया गया है। तदुपरांत से खदान बंद है।

2. लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर क्षेत्र में सुरक्षा क्षेत्र में उत्खनन किया गया है।

3. प्रस्तुत ई.आई.ए. में ध्वनि के प्रभाव का आंकलन तथा ध्वनि प्रतिरूपण (Noise Modelling) नहीं किया गया है।

4. मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार परिवेशीय वायु में पी.एम.$_{10}$ 83 से 112.7 माईक्रोग्राम/घनमीटर बताया गया है, जो कि निर्धारित मानक से अधिक है।

5. उत्खनन आदि में उत्खनन कार्य किए जाने से मिट्टी की गुणवत्ता में परिवर्तन / दुष्प्रभाव नहीं होने, वृक्षों की कटाई नहीं किए जाने आदि के संबंध में जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं की गई है।

6. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव (प्रस्तावित स्कूल / स्थल का नाम, पता एवं कार्यवार व्यय का विवरण) प्रस्तुत नहीं किया गया है।

7. क्लस्टर हेतु कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चरल प्लान प्रस्तुत नहीं किया गया है।

8. परियोजना हेतु आवश्यक जल की आपूर्ति खदान में स्थापित बोरवेल से किया जाना बताया गया है। उक्त हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया है।

9. इन्वायरमेंटल मैनेजमेंट पॉलिसी की जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है।

10. लोक सुनवाई दिनांक 23/10/2018 प्रातः 12:00 बजे स्थान शासकीय उचित मूल्य की दुकान के सामने ग्राम-मेडेसरा तहसील-धमधा जिला-दुर्ग में संपन्न हुई। लोक सुनवाई कार्यवाही सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर के पत्र दिनांक 26/11/2018 द्वारा प्रेषित किया गया है।

11. **जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से निम्न सुझाव/विचार प्रस्तुत किये गये हैं–**

   i. इस क्षेत्र की प्रमुख समस्या अहिवारा से धमधा हाईवे रोड जहाँ पर गिट्टी खदानों की बड़ी-बड़ी गाड़ियां चलती है, की स्थिति ठीक नहीं है तथा सड़कें अत्यंत जर्जर हो चुकी है। इन मार्गों का डी.एम.एफ. से उपलब्ध राशि से संधारण करवाया जावे। डी.एम.एफ. से कोई विकास नहीं हुआ है।

   ii. निश्चित समय पर ब्लास्टिंग होना चाहिए। सभी खदानों में एक समय पर ब्लास्टिंग होना चाहिए। जिससे सभी सुरक्षित रहेंगे खदान एवं क्रशर जो चालू होगा उसमें शासन का नियम लागू होगा। खनिजों सतत् निगरानी शासन द्वारा किया जाए। क्रशर को पूर्णतः कवर्ड होकर जल छिड़काव की व्यवस्था होनी चाहिए। खदानों से निकलने वाले पानी को मुफ्त में किसानों को सिंचाई हेतु प्रदान किया जाए।

   iii. प्राथमिकता के आधार पर संबंधित ग्रामों के लोगों को ही रोजगार दिया जाना चाहिए।

   iv. खदान में वायु एवं जल प्रदूषण का नियंत्रण होना चाहिए। पर्यावरण के निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप खदानों का संचालन होना चाहिए।

iv. खदानों में कोई भी वृक्षारोपण नहीं किया गया है। लगभग 300 फीट से भी गहरी खदानें हैं, जिससे पानी ठहरता नहीं है। जिससे कृषि भूमि प्रभावित हो रही है। ग्रामों में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। पर्यावरण हेतु वृक्षारोपण नहीं किया गया है। ब्लास्टिंग से बहुत आवाज आती है। अवैधानिक रूप से उत्खनन भी किया जा रहा है।

v. मिट्टी के परिवहन हेतु बड़ी–बड़ी गाड़ियाँ चलती हैं, उससे बहुत दुर्घटना होती है। इनकी गति में रोक लगाई जाए। रोड का भी रखरखाव किया जाना चाहिए।

**लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावक की ओर से उपस्थित प्रतिनिधि/कंसलटेंट का कथन निम्नानुसार है:–**

i. डी.एम.एफ. की राशि या रॉयल्टी की राशि से जिला प्रशासन के माध्यम से विकास का कार्य किया जाएगा।

ii. प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल छिड़काव एवं वृक्षारोपण की व्यवस्था की जाएगी।

iii. शिक्षित बेरोजगारों को योग्यता के आधार पर स्थानीय लोगों को आवश्यकतानुसार रोजगार हेतु प्राथमिकता दी जायेगी। पूर्व से ही खदानों में कार्यरत व्यक्तियों को भी रोजगार प्रदान किया जाएगा।

iv. जहां स्तर 30 मीटर नीचे है। खदान से उत्खनन की अधिकतम गहराई 30 मीटर से कम रखी जाएगी।

v. जो खदानें बंद पड़ी हैं, उनमें वर्षा का पानी संग्रहित है। उनमें जल का संरक्षण किया जाएगा। वर्षा का पानी जिला प्रशासन की अनुमति से नियमानुसार/आवश्यकतानुसार कृषकों को भी दिया जाएगा।

vi. सभी खदानें अपनी लीज क्षेत्र में संचालित हैं। लीज क्षेत्र से बाहर उत्खनन नहीं किया जा रहा है।

**समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–**

1. लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर क्षेत्र में कुछ क्षेत्र में उत्खनन किया गया है। अतः उक्त उत्खनित क्षेत्र का विवरण, लंबाई, गहराई सहित नक्शे में प्रदर्शित कर भविष्य में भराव (बैकफिलिंग) हेतु प्रयुक्त मिट्टी / ओवरबर्डन की मात्रा की जानकारी प्रस्तुत की जाए। साथ ही रेस्टोरेशन (Restoration) प्लान प्रस्तुत किया जाए।

2. उत्खनन प्रक्रिया के दौरान उत्सर्जित ऊपरी मिट्टी (टॉप सॉईल) का लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर क्षेत्र में कितनी मात्रा में उपयोग किया जाएगा एवं शेष ऊपरी मिट्टी के उचित रख–रखाव के प्रस्ताव सहित संशोधित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया जाए।

3. जारी टी.ओ.आर. में दिये गये शर्त क्रमांक 23 एवं अतिरिक्त टी.ओ.आर. के बिन्दुओं का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए।

4. प्रस्तुत ई.आई.ए. में परिवेशीय ध्वनि स्तर में उत्खनन प्रक्रियाओं से उत्पन्न ध्वनि को शामिल करते हुये प्रभाव का आकलन तथा ध्वनि प्रतिरूपण (Noise Modeling) नहीं किया गया है। अतः गणना कर जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

5. परिवेशीय वायु में पी.एम.$_{10}$ की मात्रा निर्धारित मानक से अधिक है। अतः उसका के कारण को स्पष्ट किया जाए तथा प्रभावी नियंत्रण (Mitigation measure) संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

6. ग्राउण्ड वॉटर टेबल में जल की गहराई का मापन के आधार संबंधी प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की जाए।

7. क्लस्टर आदि में उत्खनन कार्य किए जाने से परिवेशीय वायु, जल एवं ध्वनि गुणवत्ता में हुए विपरीत प्रभाव का आंकलन कर, तदनुसार आवश्यक कर सारांशित रेमिडियल प्लान तथा नेचुरल एण्ड कम्युनिटी आग्मेंटेशन प्लान, इन्वायरमेंटल इम्पेक्ट असेसमेंट रिपोर्ट, इन्वायरमेंटल मैनेजमेंट प्लान प्रस्तुत की जाए।

8. उत्खनन आदि में उत्खनन कार्य किए जाने से मिट्टी की गुणवत्ता में परिवर्तन / दुष्प्रभाव नहीं होने, वृक्षों की कटाई नहीं किए जाने आदि के संबंध में जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया जाए।

9. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव (प्रस्तावित स्कूल / संस्था का नाम, पता एवं एस्टीमेट सहित कार्यवार व्यय का विवरण) प्रस्तुत किया जाए।

10. क्लस्टर हेतु कॉमन इन्वायरमेंटल प्लान प्रस्तुत किया जाए। क्लस्टर में प्रदूषण नियंत्रण हेतु चिन्हित विभिन्न कार्यों (यथा क्लस्टर के सड़कों/एप्रोच रोड का पक्कीकरण एवं रखरखाव, परिवहन के दौरान सड़कों/एप्रोच रोड से उत्पन्न धूल उत्सर्जन का नियंत्रण, जल छिड़काव व्यवस्था, सड़कों/एप्रोच रोड के किनारे तथा क्लस्टर में उपलब्ध खुली भूमि में वृक्षारोपण, वाहन दुर्घटना की रोकथाम का उपाय आदि) का विवरण एवं क्लस्टर में सम्मिलित प्रत्येक लीजधारक का उपरोक्त प्रदूषण नियंत्रण के कार्यों के निष्पादन हेतु निर्धारित उत्तरदायित्व का विवरण प्रस्तुत करें।

11. परियोजना हेतु आवश्यक जल की आपूर्ति वर्तमान में स्थापित बोरवेल से किए जाने हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण प्रस्तुत किया जाए।

12. इन्वायरमेंटल मैनेजमेंट पॉलिसी की जानकारी प्रस्तुत की जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदनुसार सूचित किया जाए।

**14. मेसर्स श्रीमती शालिनी सिंह (बोरसी सेण्ड माईन्स, ग्राम–बोरसी, तहसील–मगरलोड, जिला–धमतरी), अशोका सोसायटी, सेक्टर–2, रायपुर तहसील व जिला–रायपुर (सचिवालय की नस्ती क्रमांक 1088)**

**ऑनलाईन आवेदन** – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 132221/2019, दिनांक 19/12/2019।

**प्रस्ताव का विवरण** – यह पूर्व से संचालित रेत खदान (गौण खनिज) है। यह खदान ग्राम–बोरसी, तहसील–मगरलोड, जिला–धमतरी स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 01, कुल लीज क्षेत्र 4.95 हेक्टेयर में है। उत्खनन महानदी में किया जाता है। खदान की आवेदित उत्पादन क्षमता–99,000 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

**बैठकों का विवरण** –

**(अ) समिति की 308वीं बैठक दिनांक 16/01/2020**

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा सम्यक सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया कि:-

1. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर, वर्तमान में रेत स्तर के लेवल्स (Levels) लेकर ग्रिड मैप में प्रदर्शित कर प्रस्तुत किये जावें। उक्त लेवल्स (Levels) हेतु कम से कम 2 टेम्परेरी बेंच मार्क (Concreted TBM structure) निर्धारित किये जावें। टेम्परेरी बेंच मार्क (TBM) में आर.एल. को-ऑर्डिनेट्स (Co-ordinates) अंकित किये जावें। ग्रिड मैप में टेम्परेरी बेंच मार्क (TBM) को भी दर्शाकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जावें।
2. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की जाए। रेत की वास्तविक गहराई हेतु फोटोग्राफ भी प्रस्तुत किया जावे।
3. प्रस्तावित खनन क्षेत्र की लंबाई एवं चौड़ाई तथा नदी के पाट की चौड़ाई की जानकारी प्रस्तुत की जाए।
4. विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।
5. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
6. खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को खदान में रेत के लेवल्स (Levels) लेने वाले सर्वेयर (Surveyor) के साथ आगामी माह की आयोजित बैठक में उपरोक्त समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 31/01/2020 द्वारा प्रस्तुतिकरण हेतु सूचित किया गया।

**(ब) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04/02/2020**

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री प्रदीप सिंह, अधिकृत प्रतिनिधि एवं श्री शिवाजन कुमार, खनि निरीक्षक उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – रेत उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत बोरसी का दिनांक 16/02/2016 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. **चिन्हांकित/सीमांकित** – कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान चिन्हांकित/सीमांकित कर घोषित है।
3. **उत्खनन योजना** – माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो खनि अधिकारी, जिला–उत्तर–बस्तर कांकेर के ज्ञापन क्रमांक 783/खनिज/उत्ख.यो.अनु./रेत/2019–20 कांकेर, दिनांक 17/12/2019 द्वारा अनुमोदित है।

4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–धमतरी के ज्ञापन क्रमांक 1294/खनिज/रेत खदान/2019 धमतरी, दिनांक 13/12/2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर के भीतर अवस्थित अन्य खदानों की संख्या निरंक है।

5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–धमतरी के ज्ञापन क्रमांक 1292/खनिज/रेत खदान/2019 धमतरी, दिनांक 13/12/2019 के अनुसार जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में मंदिर, मरघट, अस्पताल, स्कूल, पुल, बांध, एनीकट, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

6. **एल.ओ.आई. का विवरण** – एल.ओ.आई. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला–धमतरी के ज्ञापन क्रमांक 1217/खनिज/निविदा/ 2019 धमतरी, दिनांक 06/12/2019 द्वारा जारी की गई, जिसकी अवधि 2 वर्ष हेतु वैध है।

7. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 द्वारा निर्दिष्ट प्रारूप में डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत नहीं की गई है।

8. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–बोरसी 1.5 कि.मी., स्कूल ग्राम–बोरसी 1.5 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 14 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 38 कि.मी. दूर है। अपस्ट्रीम में एनीकट 1.38 कि.मी. एवं डाउनस्ट्रीम में ब्रीज 830 मीटर दूर है।

9. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

10. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – 575 मीटर तथा खनन स्थल की चौड़ाई – 167 मीटर दर्शाई गई है। खदान की नदी तट से दूरी 40 मीटर है।

11. **खदान स्थल पर रेत की मोटाई** – आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई – 3 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई – 2 मीटर दर्शाई गई है। आवेदन अनुसार खदान में उपलब्ध रेत की मात्रा – 80,000 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत सतह की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। जिसके अनुसार रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर 5 गड्ढा (Pit) खोदकर उसमें रेत सतह की गहराई नापने के आधार पर, वर्तमान में रेत की उपलब्ध मोटाई 3 मीटर से अधिक है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा भी प्रस्तुत किया गया है।

12. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण:–

i. पूर्व में आवेदक, ग्राम पंचायत [illegible] के नाम से रेत खदान खसरा क्रमांक 01, रकबा 4.95 हेक्टेयर, क्षमता – 75,000 घनमीटर प्रतिवर्ष हेतु जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जिला–[illegible] द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति ज्ञापन क्रमांक 729, दिनांक 31/08/2017 के द्वारा जारी दिनांक से 1 वर्ष तक की अवधि हेतु जारी किया गया था।

ii. पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी प्रस्तुत की गई है। साथ अध्ययन रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई।

iii. वृक्षारोपण नहीं किया गया है।

13. खदान क्षेत्र में रेत भराव के लेवल्स – रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर वर्तमान में पोस्ट–मानसून (Post-Monsoon) डाटा दिनांक 17/12/2019 को रेत भराव के लेवल्स (Levels) लेकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये गये हैं।

14. कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.) – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विचार के बाद प्रस्तावक निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

| Capital Investment (in Lakh) | Percentage of Capital Investment to be Spent | Amount Required for CER Activities (in Lakh) | Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Particulars | CER Fund Allocation (in Lakh) |
| Rs. 40 | 2% | Rs. 0.80 | Following activities at Nearby Government Primary School Village-Bora: | |
| | | | Rain Water Harvesting System | Rs. 0.40 |
| | | | Running water Facility for Toilets | Rs. 0.15 |
| | | | Plantation work | Rs. 0.25 |
| | | | **Total** | **Rs. 0.80** |

समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किया गया कि सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव एक माह में प्रस्तुत किया जाए।

15. रेत उत्खनन मैनुअल विधि से एवं भराई का कार्य लोडर द्वारा कराया जाना प्रस्तावित है।

16. परियोजना प्रस्तावक द्वारा 3 मीटर की गहराई तक उत्खनन की अनुमति मांगी है। अनुमोदित उत्खनन योजना में उत्खनन किए जाने वाले क्षेत्र की वार्षिक रेत पुनर्भरण संबंधी अध्ययन कार्य एवं तत्संबंधी आंकड़ों का समावेश नहीं किया

गया है। महानदी बड़ी नदी है तथा इसमें वर्षाकाल में सामान्यतः 1.5 मीटर गहराई से अधिक रेत का पुनर्भरण होने की संभावना है।

**समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–**

1. आवेदित खदान (ग्राम–बोरसी) का रकबा 4.85 हेक्टेयर है। खदान की सीमा से 500 मीटर की परिधि में स्वीकृत/संचालित खदानों का कुल क्षेत्रफल 5 हेक्टेयर से अधिक का क्लस्टर निर्मित नहीं होने के कारण यह खदान बी–2 श्रेणी की मानी गयी।

2. **वृक्षारोपण कार्य** – पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति के अनुसार वृक्षारोपण नहीं किया गया है। प्राथमिकता के आधार पर नदी तट पर कुल 2,500 नग पौधे – 1,000 नग अर्जुन के पौधे तथा शेष 1,500 नग (जामुन, करंज, बांस, आम आदि) पौधे लगाए जायेंगे। पहुँच मार्ग में 1,000 नग पौधे लगाए जायेंगे।

3. परियोजना प्रस्तावक रेत खदान क्षेत्र में आगामी 1.5 वर्ष में सिल्टेशन स्टडी अध्ययन (Siltation Study) करायेगा, ताकि रेत के पुनर्भरण (Replenishment) मात्रा सही आंकड़े, रेत उत्खनन का नदी, पर्यावरण, स्थानीय जनजाति, जीव एवं सूक्ष्म जीवों पर प्रभाव तथा नदी के पानी की गुणवत्ता पर रेत उत्खनन के प्रभाव की सही जानकारी प्राप्त हो सके।

4. रेत पुनर्भरण की स्थिति के आंकलन हेतु परियोजना प्रस्तावक द्वारा माह मई 2020 के अन्त में मानसून पूर्व (रेत उत्खनन समाप्त होने के बाद) रेत खदान में पूर्व निर्धारित चिन्ह बिन्दुओं तथा लीज के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम में कम से कम 100 मीटर की दूरी तक के रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन ले लिए जाएगें। इसके अलावा खनन लीज के बाहर / नदी तट (दोनों) से 100 मीटर तक के क्षेत्र में रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन भी किया जाएगा। इसी प्रकार पोस्ट–मानसून में (रेत उत्खनन प्रारंभ करने के पूर्व माह अक्टूबर) इन्हीं चिन्ह बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन किया जाएगा। पोस्ट–मानसून के आंकड़े दिसम्बर 2020, 2021, 2022 एवं प्री–मानसून के आंकड़े अगस्त 2020, 2021, 2022 तक अनिवार्य रूप से एस.ई.आई.ए.ए., छत्तीसगढ़ को प्रस्तुत किए जायेंगे। रेत सतह के पूर्व निर्धारित चिन्ह बिन्दुओं पर रेत सतह के लेवल्स (Levels) का मापन का कार्य आगामी 5 वर्ष तक निरंतर किया जाएगा।

5. समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से श्रीमती कामिनी सिंह, बोरसी सैण्ड माईन को पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 01, ग्राम–बोरसी, तहसील–मगरलोड, जिला–धमतरी, कुल लीज क्षेत्र 4.85 हेक्टेयर में रेत उत्खनन अधिकतम 1.5 मीटर की गहराई तक सीमित रखते हुए कुल 78,000 घनमीटर प्रतिवर्ष हेतु **परिशिष्ट–04** में वर्णित शर्तों के अधीन पर्यावरणीय स्वीकृति, जारी दिनांक से 05 वर्ष तक की अवधि हेतु दिये जाने की अनुशंसा की गई। रेत की खुदाई श्रमिकों द्वारा (Manually) की जाएगी। नदी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। लीज क्षेत्र में स्थित रेत खुदाई गड्ढे (Excavation pits) से लोडिंग प्वाईंट तक रेत का परिवहन ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा किया जाएगा।

राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ को तदनुसार सूचित किया जाए।

15. मेसर्स बी.एल. रामानी लाईम स्टोन माईन, ग्राम–नंदनी–खुंदनी, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 542)

**ऑनलाईन आवेदन** – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/61454/2016, दिनांक 31/12/2016 द्वारा टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/48862/2016, दिनांक 19/12/2019 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु ई.आई.ए. रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया है।

**प्रस्ताव का विवरण** – यह पूर्व से संचालित चूना पत्थर खदान (मुख्य खनिज) है। खदान खसरा नं. 420, 421, 422, 438, 439, 440, 441 एवं 450, ग्राम–नंदनी–खुंदनी, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग, कुल लीज क्षेत्र 3.325 हेक्टेयर है। खदान की प्रस्तावित उत्खनन क्षमता 9,900 टन प्रतिवर्ष है। इस प्रकरण में समिति की 241वीं बैठक दिनांक 25/11/2017 को सुनवाई की गई थी, जिसमें टीओआर जारी करने का निर्णय लिया गया था। प्रकरण के तथ्य निम्नानुसार है–

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – ग्राम पंचायत नंदनी–खुंदनी द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। इस संदर्भ में परियोजना प्रस्तावक द्वारा नोटरी कराया हुआ शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. **उत्खनन योजना** – मॉडिफिकेशन ऑफ माईनिंग प्लान एण्ड प्रोग्रेसिव माइन क्लोजर प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप खान नियंत्रक एवं प्रभारी अधिकारी, भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर के पत्र क्रमांक दुर्ग/ चूना/ खयो–286/ नाग/2016/30–रायपुर दिनांक 10/08/2016 (अवधि 2016–17 से 2018–19 तक हेतु) द्वारा अनुमोदित है।
3. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–दुर्ग के पत्र क्रमांक 696 दिनांक 27/05/2017 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर परिधि में कुल 12 खदानें रकबा 43.61 हेक्टेयर स्वीकृत / विद्यमान है।
4. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–सहगांव 0.88 कि.मी. एवं स्कूल एवं अस्पताल ग्राम–नंदनी–खुंदनी में स्थित है। राजमार्ग 1.5 कि.मी. दूर है। शिवनाथ नदी 1 कि.मी. दूर है।
5. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।
6. **लीज का विवरण** – लीज डीड श्री बी.एल. रामानी के नाम पर है। लीज डीड 20 वर्ष अर्थात 27/06/1994 से 26/06/2014 तक की अवधि हेतु थी। कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला दुर्ग के पत्र क्रमांक 1263/खनिज/2015 दुर्ग, दिनांक 05/10/2015 द्वारा खनिपट्टा अवधि वृद्धि बाबत् जारी पत्र की प्रति प्रस्तुत की गई है।

से उत्खनन किया जाता है। भू-भाग के 17,200 वर्गमीटर क्षेत्र पर उत्खनन होना बताया गया है। उत्खनन की वर्तमान गहराई 12 मीटर है। खदान की प्रस्तावित अधिकतम गहराई 18 मीटर है। खदान की संभावित आयु 40 वर्ष है। ऊपरी मिट्टी की मोटाई 0.5 मीटर है। क्रशिंग यूनिट 2,250 वर्गमीटर क्षेत्र में स्थापित है। क्रशर एवं आंतरिक मार्गों पर डस्ट सप्रेशन हेतु पानी का छिड़काव किया जाता है। बेंच की ऊंचाई एवं चौड़ाई 3 मीटर है। 10 किलोलीटर प्रतिदिन जल की खपत होती है। जल की आपूर्ति ट्यूबवेल से की जाती है। ड्रिलिंग हेतु जैक हैमर ड्रिल का उपयोग किया जाता है। ब्लास्टिंग किया जाता है। खदान में वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल का छिड़काव किया जाता है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जावेगा। विगत वर्षों के उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है:-

उत्खनन की योजना

| वित्तीय वर्ष | वास्तविक उत्खनन (टन) |
|---|---|
| 2005–2006 | 1,382 |
| 2006–2007 | 864 |
| 2007–2008 | 600 |
| 2008–2009 | 900 |
| 2009–2010 | 280 |
| 2010–2011 | 370 |
| 2011–2012 | 200 |
| 2012–2013 | 260 |
| 2013–2014 | 14,180 |
| 2014–2015 | 11,684 |
| 2015–2016 | निरंक |
| 2016–2017 | निरंक |
| 2017–2018 | निरंक |
| 2018–2019 | निरंक |

उत्खनन की वर्षवार प्रस्तावित योजना

| वर्ष | क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | गहराई (मीटर) | आयतन (घनमीटर) | उत्खनन क्षमता ROM (टन) |
|---|---|---|---|---|
| 2014–2015 | वास्तविक | | | 11,840 |
| 2015–2016 | वास्तविक | | | निरंक |
| 2016–2017 | 1,200 | 3.0 | 3,600 | 9,000 |
| 2017–2018 | 1,200 | 3.0 | 3,600 | 9,000 |
| 2018–2019 | 1,200 | 3.0 | 3,600 | 9,000 |

8. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**:- पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 22/01/2018 द्वारा प्रकरण बी-1 केटेगरी का होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टेण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेन्स (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 1(ए) का स्टेण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) नॉन कोल माईनिंग प्रोजेक्ट्स हेतु टीओआर जारी किया गया।

**बैठकों का विवरण –**

**(अ) समिति की 308वीं बैठक दिनांक 16/01/2020:**

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **ई.आई.ए. रिपोर्ट का विश्लेषण–**

   i. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी** – मॉनिटरिंग कार्य अक्टूबर 2018 से दिसम्बर 2018 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 19 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 11 स्थानों पर भू-जल गुणवत्ता मापन, 18 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 8 स्थानों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 8 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।

   ii. मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार पी.एम.$_{2.5}$ 24.8 से 40.1 माईक्रोग्राम/घनमीटर, पी.एम.$_{10}$ 63 से 112.7 माईक्रोग्राम/घनमीटर, एसओ$_2$ 9.0 से 13.9 माईक्रोग्राम/घनमीटर तथा एनओ$_x$ 14.2 से 19.8 माईक्रोग्राम/घनमीटर पाई गई है। परियोजना स्थल के आसपास जल स्रोतों की गुणवत्ता भारतीय मानक के अनुरूप है। परिवेशीय ध्वनि स्तर (Day time) 35.1 डीबीए से 59.6 डीबीए एवं ध्वनि स्तर (Night time) 28.4 डीबीए से 42.1 डीबीए पाया गया।

**समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था–**

1. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
2. परियोजना प्रस्तावक को आगामी माह की आयोजित बैठक में प्रश्नांकित समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) सहित प्रस्तुतीकरण किए जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदनुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 31/01/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

**(ब) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04/02/2020**

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री [illegible], कोऑर्डिनेटर एवं प्रोजेक्ट सलाहकार के रूप में मेसर्स इन सिटु इन्वायरो केयर, भोपाल की ओर से श्री [illegible] उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि वर्ष 2015-16 से उत्खनन बंद है।

2. लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर क्षेत्र में सुरक्षा क्षेत्र में उत्खनन किया गया है।

3. प्रस्तुत ई.आई.ए. में ध्वनि के प्रभाव का आंकलन तथा ध्वनि प्रतिरूपण (Noise Modeling) नहीं किया गया है।

4. मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार परिवेशीय वायु में पी.एम.$_{10}$ 63 से 112.7 माईक्रोग्राम/घनमीटर बताया गया है, जो कि निर्धारित मानक से अधिक है।

5. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव (प्रस्तावित स्कूल / स्थान का नाम, पता एवं कार्यवार व्यय का विवरण) प्रस्तुत नहीं किया गया है।

6. उत्खनन हेतु अंतिम इन्व्हायरमेंटल प्लान प्रस्तुत नहीं किया गया है।

7. परियोजना हेतु आवश्यक जल की आपूर्ति [illegible] में स्थापित बोरवेल से किया जाना बताया गया है। उक्त हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया है।

8. इन्व्हायरमेंट मैनेजमेंट पॉलिसी की जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है।

9. लोक सुनवाई दिनांक 03/10/2019 प्रातः 12:00 बजे स्थान शासकीय उचित मूल्य की दुकान के सामने ग्राम-मेढ़ेसरा, तहसील-धमधा, जिला-दुर्ग में संपन्न हुई। लोक सुनवाई दस्तावेज सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला-रायपुर के पत्र दिनांक 26/11/2019 द्वारा प्रेषित किया गया है।

10. **जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से निम्न सुझाव/विचार प्रस्तुत किये गये है:-**

   i. इस क्षेत्र की [illegible] अधिकांश से [illegible] पर गिट्टी खदानों की बड़ी-बड़ी गाड़ियां चलती है, जो स्थिति ठीक नहीं है तथा सड़कें अत्यंत जर्जर हो चुकी है। इन मार्गों का डी.एम.एफ. से तत्काल शीघ्र ही संधारण करवाया जावे। डी.एम.एफ. से कोई विकास नहीं हुआ है।

   ii. निश्चित समय पर ब्लास्टिंग होना चाहिए। सभी खदानों में एक समय पर ब्लास्टिंग होना चाहिए। जिससे सभी सुरक्षित रहेंगे खदान एवं क्रेशर जो चालू होगा उसमें शासन का नियम लागू होगा। उसकी सतत् निगरानी शासन द्वारा किया जाए। क्रेशर को पूर्णतः [illegible] जल छिड़काव की व्यवस्था होनी चाहिए। खदानों से निकलने वाली पानी को मुफ्त में किसानों को सिंचाई हेतु प्रदान किया जाए।

   iii. प्राथमिकता के आधार पर संबंधित ग्रामों के लोगों को ही रोजगार दिया जाना चाहिए।

   iv. खदान में वायु एवं जल प्रदूषण का नियंत्रण होना चाहिए। पर्यावरण के निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप खदानों का संचालन होना चाहिए।

   v. खदानों में कोई भी वृक्षारोपण नहीं किया गया है। लगभग 300 फीट से भी गहरी खदानें है, जिससे पानी ठहरता नहीं है। जिससे कृषि भूमि प्रभावित हो रही है। ग्रामों में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। पर्यावरण हेतु वृक्षारोपण नहीं किया गया है। ब्लास्टिंग से बहुत आवाज आती है। औद्योगिक श्रम का उल्लंघन भी किया जा रहा है।

vi. मिट्टी के परिवहन हेतु बड़ी-बड़ी वाहनें चलती है, इससे बहुत दुर्घटना होती है। इनके गति में रोक लगाई जाए। रोड का भी संधारण किया जाना चाहिए।

**लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावक की ओर से उपस्थित प्रतिनिधि/कंसलटेंट का कथन निम्नानुसार है:-**

i. डी.एम.एफ. की राशि का ग्रामीणों की राशि से जिला प्रशासन के माध्यम से विकास का कार्य किया जाएगा।

ii. प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल छिड़काव एवं वृक्षारोपण की व्यवस्था की जाएगी।

iii. शिक्षित बेरोजगारों को योग्यता के आधार पर स्थानीय लोगों को आवश्यकतानुसार रोजगार हेतु प्राथमिकता दी जायेगी। पूर्व से ही खदानों में कार्यरत व्यक्तियों को भी रोजगार प्रदान किया जाएगा।

iv. जल स्तर 30 मीटर नीचे है। खदान में उत्खनन की अधिकतम गहराई 20 मीटर से कम रखी जाएगी।

v. जो खदानें बंद पड़ी है उनमें वर्षा का पानी संग्रहित है। उनमें जल का संरक्षण किया जाएगा। वर्षा का पानी जिला प्रशासन की अनुमति से नियमानुसार/आवश्यकतानुसार कृषकों को भी दिया जाएगा।

vi. सभी खदानें अपनी लीज क्षेत्र में संचालित है। लीज क्षेत्र से बाहर उत्खनन नहीं किया जा रहा है।

**समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-**

1. लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर क्षेत्र में कुछ क्षेत्र में उत्खनन किया गया है। अतः उक्त उत्खनित क्षेत्र का विवरण, लंबाई, गहराई सहित नक्शे में प्रदर्शित कर वर्तमान में भराव (बैकफिल) हेतु प्रयुक्त मिट्टी / ओवरबर्डन की मात्रा की जानकारी प्रस्तुत की जाए। साथ ही रेस्टोरेशन (Restoration) प्लान प्रस्तुत किया जाए।
2. उत्खनन प्रक्रिया के दौरान उत्खनित ऊपरी मिट्टी (टॉप सॉईल) को लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर क्षेत्र में कितनी मात्रा में उपयोग किया जाएगा एवं शेष ऊपरी मिट्टी के उचित रख-रखाव के प्रस्ताव सहित संशोधित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया जाए।
3. जारी टी.ओ.आर. में दिये गये शर्त क्रमांक 23 एवं अतिरिक्त टी.ओ.आर. के बिन्दुओं का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए।
4. प्रस्तुत ई.आई.ए. में परिवेशीय ध्वनि स्तर में उत्खनन प्रक्रियाओं से उत्पन्न ध्वनि को शामिल करते हुये प्रभाव का आंकलन तथा ध्वनि प्रतिरूपण (Noise Modelling) नहीं किया गया है। अतः गणना कर जानकारी प्रस्तुत किया जाए।
5. परिवेशीय वायु में पी.एम.$_{10}$ की मात्रा निर्धारित मानक से अधिक है। अतः इसके कारण को स्पष्ट किया जाए तथा प्रभावी नियंत्रण (Mitigation measure) संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
6. ग्राउण्ड वॉटर लेवल में जल की गहराई का मापन के आधार संबंधी प्रमाणिक जानकारी प्रस्तुत की जाए।

7. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव (प्रस्तावित स्कूल / स्थल का नाम, पता एवं एस्टीमेट सहित कार्ययोजना व्यय का विवरण) प्रस्तुत किया जाए।

8. क्लस्टर हेतु कॉमन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लान प्रस्तुत किया जाए। क्लस्टर में प्रदूषण नियंत्रण हेतु चिन्हित विभिन्न कार्यों (यथा क्लस्टर के सड़कों/एप्रोच रोड का पक्कीकरण एवं सुधारण, परिवहन के दौरान सड़कों/एप्रोच रोड से उत्पन्न धूल उत्सर्जन का नियंत्रण, जल छिड़काव व्यवस्था, सड़कों/एप्रोच रोड के किनारे तथा क्लस्टर में उपलब्ध खुली भूमि में वृक्षारोपण, वाहन दुर्घटना का रोकथाम का उपाय, आदि) का विवरण एवं क्लस्टर में सम्मिलित प्रत्येक लीजधारक का उपरोक्त प्रदूषण नियंत्रण के कार्यों के निष्पादन हेतु निर्धारित उत्तरदायित्व का विवरण प्रस्तुत करें।

9. परियोजना हेतु आवश्यक जल की आपूर्ति खदान में स्थापित बोरवेल से किए जाने हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण प्रस्तुत किया जाए।

10. इन्वॉयरमेंट मैनेजमेंट पॉलिसी की जानकारी प्रस्तुत की जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तद्नुसार सूचित किया जाए।

**14. मेसर्स श्री भगतराम साहू (नंदनी–खुंदनी लाईम स्टोन माईन्स), ग्राम–नंदनी–खुंदनी, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 538)**

**ऑनलाईन आवेदन** – पूर्व में प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन /61379/2016, दिनांक 28/12/2016 द्वारा टी.ओ.आर. हेतु आवेदन किया गया था। वर्तमान में प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 48877/ 2018, दिनांक 18/12/2018 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने हेतु ई.आई.ए. रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया है।

**प्रस्ताव का विवरण** – यह दुर्ग में संचालित चूना पत्थर खदान (गौण खनिज) है। खदान खसरा नं. 1882, 1883 एवं 1886, ग्राम–नंदनी–खुंदनी, तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग, कुल लीज क्षेत्र 0.955 हेक्टेयर है। खदान की प्रस्तावित उत्पादन क्षमता – 2,100 टन प्रतिवर्ष है। इस प्रकरण में समिति की 245वीं बैठक दिनांक 18/01/2016 को सुनवाई की गई थी, जिसमें टीओआर जारी करने का निर्णय लिया गया था। प्रकरण के तथ्य निम्नानुसार है:–

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – ग्राम पंचायत नंदनी–खुंदनी का दिनांक 20/10/2014 को जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

2. **उत्खनन योजना** – माईनिंग प्लान क्षेत्रीय खान नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर के पत्र क्रमांक डीआरजी/ एलएसटी/ एमपीएनएल–431/ नागपुर दिनांक 16/06/1995 के द्वारा 2.70 एकड़ हेतु अनुमोदित है। मॉडिफिकेशन इन माईनिंग प्लान एलोंगविथ प्रोग्रेसिव माइन क्लोजर प्लान क्षेत्रीय खान नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर के पत्र क्रमांक डीआरजी/ एलएसटी/ एमपीएनएल–431/ एमजीसी–2015 दिनांक 23/03/2016 (वर्ष 2015–16 से 29/10/2016 तक की अवधि हेतु) द्वारा लीज क्षेत्र में कमी अर्थात् 2.38 एकड़ (0.965 हेक्टेयर) हेतु अनुमोदित है।

3. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–बूंदी के पत्र क्रमांक 1968 दिनांक 30/12/2018 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार आवेदित खदान के 500 मीटर परिधि में कुल 09 खदानें रकबा 30.75 हेक्टेयर स्वीकृत/विद्यमान है।

प्रस्ताव की सामान्य जानकारी–

1. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – निकटतम आबादी ग्राम–नदनी–खुडानी 0.88 कि.मी., स्कूल ग्राम–नदनी–खुडानी 1.5 कि.मी., अस्पताल ग्राम–... नगर 3 कि.मी. एवं मंदिर ... 12 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। राष्ट्रीय राजमार्ग 25 कि.मी. एवं राज्यमार्ग 2.2 कि.मी. दूर है।

2. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

3. **लीज का विवरण** – लीज डीड श्री ... के नाम पर है। लीज डीड 20 वर्ष अर्थात् 30/10/1998 से 29/10/2018 तक की अवधि हेतु है।

4. जियोलॉजिकल रिजर्व 1,76,429 टन एवं माईनेबल रिजर्व 19,838 टन है। लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर खुला क्षेत्र छोड़ा गया है। ओपन कास्ट विधि से उत्खनन किया जाता है। अंतिम अनुसार उत्खनन की अधिकतम गहराई 15 मीटर होगी। बेंच की ऊंचाई एवं चौड़ाई 3 मीटर होगी। ऊपरी मिट्टी की गहराई 1.2 मीटर एवं अनुमानित मात्रा 468.81 घनमीटर है। भू–भाग के 6,180 वर्गमीटर क्षेत्र में उत्खनन होना बताया गया है। ड्रिलिंग हेतु जैक हैमर ड्रिल का उपयोग किया जाता है। ब्लास्टिंग किया जाता है। जल की मात्रा 5.5 किलोलीटर प्रतिदिन (ड्रिलिंग एवं डस्ट सप्रेशन 2 किलोलीटर प्रतिदिन, प्लांटेशन 2 किलोलीटर प्रतिदिन एवं घरेलू उपयोग हेतु 1.5 किलोलीटर प्रतिदिन) है, जिसका स्त्रोत बोरवेल है। गारलैण्ड ड्रेन का निर्माण किया जायेगा। प्रदूषण नियंत्रण हेतु पानी का छिड़काव किया जाता है। वृक्षारोपण किया गया है। विगत वर्षों के उत्खनन का विवरण निम्नानुसार है–

उत्खनन की योजना

| वित्तीय वर्ष | उत्खनन क्षमता (टन) |
|---|---|
| 1999 | 1,040 |
| 2000 | 660 |
| 2001 | 1,210 |
| 2002 | 280 |
| 2003 | निरंक |
| 2004 | |
| 2005 | |
| 2006 | |
| 2007 | |
| 2008 | |
| 2009 | |

| | |
|---|---|
| 2010 | |
| 2011 | |
| 2012 | |
| 2013 | 6,100 |
| 2014 | 700 |
| 2015 | निरंक |
| 2016 | 2,510 |
| 2017 | 940 |
| 2018 | निरंक |
| कुल | 13,440 |

उत्खनन की वर्षवार प्रस्तावित योजना

| वर्ष | क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | गहराई (मीटर) | आयतन (घनमीटर) | उत्खनन क्षमता ROM (टन) |
|---|---|---|---|---|
| 2015–2016 | 406.03 | 2.0 | 812 | 2,030 |
| 2016–2017 | 406.24 | 2.0 | 812 | 2,031 |
| 2017–2018 | 408.60 | 2.0 | 817 | 2,043 |
| 2018–2019 | 419.12 | 2.0 | 838 | 2,096 |
| कुल | — | — | 3,280 | 8,200 |

नोट: तालिका में दशमलव के बाद के अंकों का राउण्डअप किया गया है।

5. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– पूर्व में पर्यावरणीय स्वीकृति जारी नहीं की गई है।

एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 22/01/2018 द्वारा प्रकरण बी–1 कैटेगरी का होने के कारण भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अप्रैल, 2015 में प्रकाशित स्टेण्डर्ड टर्म्स ऑफ रिफरेंस (टीओआर) फॉर ई.आई.ए./ई.एम.पी. रिपोर्ट फॉर प्रोजेक्ट्स/एक्टीविटीज रिक्वायरिंग इन्वायरमेंट क्लीयरेंस अण्डर ई.आई.ए. नोटिफिकेशन, 2006 में वर्णित श्रेणी 1(ए) का स्टेण्डर्ड टीओआर (लोक सुनवाई सहित) नॉन कोल माईनिंग प्रोजेक्ट्स हेतु टीओआर जारी किया गया।

**बैठकों का विवरण –**

**(अ) समिति की [illegible]वीं बैठक दिनांक 16/01/2020**

समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई–

1. **ई.आई.ए. रिपोर्ट का विश्लेषण**–
   i. **जल एवं वायु आदि गुणवत्ता संबंधी जानकारी** – मॉनिटरिंग कार्य अक्टूबर 2018 से दिसम्बर 2018 के मध्य किया गया है। 10 किलोमीटर के अंतर्गत 08 स्थानों पर परिवेशीय वायु गुणवत्ता मापन, 11 स्थानों पर भू–जल गुणवत्ता मापन, 14 स्थानों पर ध्वनि स्तर मापन, 8 स्थानों पर सतही जल गुणवत्ता तथा 8 स्थानों पर मिट्टी के नमूने एकत्रित कर विश्लेषण किया गया है।

ii. मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार पी.एम.$_{2.5}$ 24.8 से 48.1 माईक्रोग्राम/घनमीटर, पी.एम.$_{10}$ 63 से 112.7 माईक्रोग्राम/घनमीटर, एसओ$_2$ 9.0 से 13.9 माईक्रोग्राम/घनमीटर तथा एनओ$_{x}$ 14.2 से 19.8 माईक्रोग्राम/घनमीटर पाई गई है। परियोजना स्थल के आसपास जल स्त्रोतों की गुणवत्ता भारतीय मानक के अनुसार है। परिवेशीय ध्वनि स्तर (Day time) 35.1 डीबीए से 59.3 डीबीए एवं ध्वनि स्तर (Night time) 29.4 डीबीए से 42.1 डीबीए पाया गया।

**समिति द्वारा तत्समय सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था:-**

1. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।
2. परियोजना प्रस्तावक को आगामी माह की आयोजित बैठक में उपरोक्त समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) सहित प्रस्तुतीकरण दिए जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी. छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 31/01/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

**(4) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04/02/2020:**

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री मुकामद, अधिकृत प्रतिनिधि एवं प्रोजेक्ट कन्सल्टेन्ट के रूप में मेसर्स ग्रीन सिंधु इन्वायरो केयर, भोपाल की ओर से श्री [illegible] साहू उपस्थित हुए। समिति द्वारा नस्ती, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. परियोजना प्रस्तावक द्वारा बताया गया कि अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक 2,510 टन एवं वर्ष 2016-17 में 940 टन उत्खनन किया गया है। तदुपरांत से खदान बंद है।
2. लीज क्षेत्र के बाहर और 7.5 मीटर क्षेत्र में कुछ क्षेत्र में उत्खनन किया गया है।
3. प्रस्तुत ई.आई.ए. में ध्वनि के प्रभाव का आकलन तथा ध्वनि प्रतिरूपण (Noise Modeling) नहीं किया गया है।
4. मॉनिटरिंग परिणामों के अनुसार परिवेशीय वायु में पी.एम.$_{10}$ 63 से 112.7 माईक्रोग्राम/घनमीटर बताया गया है, जो कि निर्धारित मानक से अधिक है।
5. उत्खनन अवधि में उत्खनन कार्य किए जाने से मिट्टी की गुणवत्ता में परिवर्तन / दुष्प्रभाव नहीं होने, वृक्षों की कटाई नहीं किए जाने आदि के संबंध में जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत नहीं की गई है।
6. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव (प्रस्तावित स्कूल / स्थल का नाम, पता एवं वर्तमान स्थल का विवरण) प्रस्तुत नहीं किया गया है।
7. क्लस्टर हेतु कॉमन हाइड्रोजियोलॉजिकल प्लान प्रस्तुत नहीं किया गया है।
8. परियोजना हेतु आवश्यक जल की आपूर्ति खदान में स्थापित बोरवेल से किया जाना बताया गया है। उक्त हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया गया है।

9. इन्वायरमेंट मेनेजमेंट पॉलिसी की जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है।

10. लोक सुनवाई दिनांक 03/10/2019 प्रातः 12:00 बजे स्थान शासकीय उचित मूल्य की दुकान के सामने ग्राम–मेड़ेसरा तहसील–धमधा, जिला–दुर्ग में संपन्न हुई। लोक सुनवाई दस्तावेज सदस्य सचिव, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर के पत्र दिनांक 26/11/2019 द्वारा प्रेषित किया गया है।

11. **जनसुनवाई के दौरान मुख्य रूप से निम्न सुझाव/विचार प्रस्तुत किये गये हैं:–**

i. गुरु डीह की ज्वलंत समस्या अहिवारा से पॉवर हॉउस रोड जहाँ पर मिट्टी खदानों की बड़ी–बड़ी गाड़िया चलती है, की स्थिति ठीक नहीं है तथा सड़के अत्यंत जर्जर हो चुकी है। इन मार्गों का डी.एम.एफ. से यथाशक्य रीति से संधारण करवाया जाये। डी.एम.एफ. से कोई विकास नहीं हुआ है।

ii. निश्चित समय पर ब्लास्टिंग होना चाहिए। सभी खदानों में एक समय पर ब्लास्टिंग होना चाहिए। जिससे सभी सुरक्षित रहेंगे मकान एवं आवास जो चालू होगा उसमें शासन का नियम लागू होगा। उसकी सतत् निगरानी शासन द्वारा किया जाए। सड़क को पूर्णतः पक्की होकर जल छिड़काव की व्यवस्था होनी चाहिए। खदानों से निकलने वाली पानी को मुफ्त में किसानों को सिंचाई हेतु प्रदान किया जाए।

iii. प्राथमिकता के आधार पर संबंधित ग्रामों के लोगों को ही रोजगार दिया जाना चाहिए।

iv. खदान में वायु एवं जल प्रदूषण का नियंत्रण होना चाहिए। पर्यावरण के निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप खदानों का संचालन होना चाहिए।

v. खदानों में कोई भी वृक्षारोपण नहीं किया गया है। लगभग 300 फीट से भी गहरी खदाने है, जिससे पानी ठहरता नहीं है। जिससे कृषि भूमि प्रभावित हो रही है। ग्रामों में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। पर्यावरण हेतु वृक्षारोपण नहीं किया गया है। ब्लास्टिंग से बहुत आवाज आती है। अवैधानिक रूप से उत्खनन भी किया जा रहा है।

vi. मिट्टी के परिवहन हेतु बड़ी–बड़ी गाड़ियाँ चलती है, उससे बहुत दुर्घटना होती है। इनकी गति में रोक लगाई जाए। रोड का भी संधारण किया जाना चाहिए।

**लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये विभिन्न मुद्दों के निराकरण की दिशा में परियोजना प्रस्तावक की ओर से उपस्थित प्रतिनिधि/कंसलटेंट का कथन निम्नानुसार है:–**

i. डी.एम.एफ. की राशि या सीएसआर की राशि से जिला प्रशासन के माध्यम से विकास का कार्य किया जाएगा।

ii. प्रदूषण नियंत्रण हेतु जल छिड़काव एवं वृक्षारोपण की व्यवस्था की जाएगी।

iii. शिक्षित बेरोजगारों को योग्यता के आधार पर स्थानीय लोगों को आवश्यकतानुसार रोजगार हेतु प्राथमिकता दी जावेगी। पूर्व से ही खदानों में कार्यरत व्यक्तियों को भी रोजगार प्रदान किया जाएगा।

iv. जल स्तर 30 मीटर नीचे है। खदान की उत्खनन की अधिकतम गहराई 30 मीटर से कम रखी जाएगी।

v. जो खदानें बंद पड़ी है, उनमें वर्षा का पानी भण्डारित है। उनमें जल का संरक्षण किया जाएगा। वर्षा का पानी जिला प्रशासन की अनुमति से नियमानुसार/आवश्यकतानुसार कृषकों को भी दिया जाएगा।

vi. सभी खदानें अपनी लीज क्षेत्र में संचालित है। लीज क्षेत्र से बाहर उत्खनन नहीं किया जा रहा है।

**समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:-**

1. पूर्व में समिति की 24वीं बैठक दिनांक 18/01/2018 को प्रस्तुतीकरण के दौरान यह बताया गया था कि उत्खनन कार्य अप्रैल 2014 से बंद है। वर्तमान में अप्रैल 2015 से मार्च 2016 तक 2,510 टन एवं वर्ष 2016-17 में 840 टन उत्खनन किया जाना बताया गया है। इस संबंध में स्थिति स्पष्ट की जाए।

2. लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर क्षेत्र में कुछ क्षेत्र में उत्खनन किया गया है। अतः उक्त उत्खनित क्षेत्र का विवरण, लंबाई, चौड़ाई सहित नक्शे में प्रदर्शित कर वर्तमान में भराव (बैकफिल) हेतु प्रयुक्त मिट्टी / ओवरबर्डन की मात्रा की जानकारी प्रस्तुत की जाए। साथ ही रेस्टोरेशन (Restoration) प्लान प्रस्तुत किया जाए।

3. उत्खनन प्रक्रिया के दौरान उत्खनित ऊपरी मिट्टी (टॉप सॉईल) को लीज क्षेत्र के चारों ओर 7.5 मीटर क्षेत्र में कितनी मात्रा में उपयोग किया जाएगा एवं शेष ऊपरी मिट्टी के उचित रख-रखाव के प्रावधान सहित संशोधित माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया जाए।

4. जारी टी.ओ.आर. में दिये गये शर्त क्रमांक 23 एवं अतिरिक्त टी.ओ.आर. के बिन्दुओं का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए।

5. प्रस्तुत ई.आई.ए. में परिवेशीय ध्वनि स्तर में उत्खनन गतिविधियों से उत्पन्न ध्वनि को शामिल करते हुये प्रभाव का आंकलन तथा ध्वनि प्रतिरूपण (Noise Modeling) नहीं किया गया है। अतः संबंधी जानकारी प्रस्तुत किया जाए।

6. परिवेशीय वायु में पी.एम.$_{10}$ की मात्रा निर्धारित मानक से अधिक है। अतः उसके कारण को स्पष्ट किया जाए तथा प्रभावी नियंत्रण (Mitigation measure) संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

7. ग्राउण्ड वॉटर टेबल में जल की गहराई का मापन के आधार संबंधी प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की जाए।

8. उल्लंघन अवधि में उत्खनन कार्य किए जाने से परिवेशीय वायु, जल एवं ध्वनि गुणवत्ता में हुए विपरीत प्रभाव का आंकलन कर, तदनुसार आंकलन कर संशोधित रेमेडियल प्लान तथा नेचुरल एण्ड कम्युनिटी आगुमेंटेशन प्लान, इन्वायरमेंट इम्पेक्ट असेसमेंट रिपोर्ट, इन्वायरमेंट मैनेजमेंट प्लान प्रस्तुत की जाए।

9. उल्लंघन अवधि में उत्खनन कार्य किए जाने से मिट्टी की गुणवत्ता में परिवर्तन / दुष्प्रभाव नहीं होने, वृक्षों की कटाई नहीं किए जाने आदि के संबंध में जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया जाए।

10. परियोजना प्रस्तावक द्वारा सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव (प्रस्तावित स्कूल / स्थल का नाम, पता एवं एस्टीमेट सहित कार्यवार व्यय का विवरण) प्रस्तुत किया जाए।

11. क्लस्टर हेतु कॉमन इन्वायरमेंटल प्लान प्रस्तुत किया जाए। क्लस्टर में प्रदूषण नियंत्रण हेतु चिन्हित विभिन्न कार्यों (जैसा क्लस्टर के सड़कों/एप्रोच रोड का पक्कीकरण एवं संधारण, परिवहन के दौरान सड़कों/एप्रोच रोड से उत्पन्न धूल उत्सर्जन का नियंत्रण, जल छिड़काव व्यवस्था, सड़कों/एप्रोच रोड के किनारे तथा क्लस्टर में उपलब्ध खुली भूमि में वृक्षारोपण, सड़क दुर्घटना का रोकथाम का उपाय, आदि) का विवरण एवं क्लस्टर में सम्मिलित प्रत्येक लीजधारक का उपरोक्त प्रदूषण नियंत्रण के कार्यों के निष्पादन हेतु निर्धारित उत्तरदायित्व का विवरण प्रस्तुत करें।

12. परियोजना हेतु आवश्यक जल की आपूर्ति खदान में स्थापित बोरवेल से किए जाने हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्ड वॉटर अथॉरिटी से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण प्रस्तुत किया जाए।

13. इन्वायरमेंट मैनेजमेंट पॉलिसी की जानकारी प्रस्तुत की जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदनुसार सूचित किया जाए।

**17. मेसर्स श्री अभिनव तिवारी (ढेंगा सेण्ड माईन्स, ग्राम–ढेंगा, तहसील व जिला–राजनांदगांव), ग्राम–सोमनी, तहसील व जिला–राजनांदगांव (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1038)**

**ऑनलाईन आवेदन** – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/ सीजी/ एमआईएन/ 127065/2019, दिनांक 29/11/2019। परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन में कमियाँ होने से ईमेल दिनांक 09/12/2019 द्वारा जानकारी प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। परियोजना प्रस्तावक द्वारा वांछित जानकारी दिनांक 19/12/2019 को ऑनलाईन प्रस्तुत की गई।

**प्रस्ताव का विवरण** – यह प्रस्तावित रेत खदान (गौण खनिज) है। यह खदान ग्राम–ढेंगा, तहसील व जिला–राजनांदगांव स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 688, कुल लीज क्षेत्र 4.85 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। उत्खनन शिवनाथ नदी से किया जाना प्रस्तावित है। खदान की आवेदित उत्खनन क्षमता–1,00,000 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

**बैठकों का विवरण –**

**(अ) समिति की 305वीं बैठक दिनांक 16/01/2020**

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण, उपरान्त **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया था**–

1. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित क्षेत्र का प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर, वर्तमान में रेत सतह के लेवल्स (Levels) लेकर ग्रिड मैप में प्रदर्शित कर प्रस्तुत किये जावें। उक्त लेवल्स (Levels) हेतु कम से कम 2 टेम्परेरी बेंच मार्क (Concreted TBM structure) निर्मित किये जावें। टेम्परेरी बेंच मार्क (TBM) में आर.एल. को–ऑर्डिनेट्स (Co-ordinates) अंकित किये जायें। ग्रिड मैप में टेम्परेरी बेंच मार्क (TBM) को भी दर्शाकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जावें।

2. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक

गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की जाए। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा भी प्रस्तुत किया जावे।

3. प्रस्तावित खनन क्षेत्र की लंबाई एवं चौड़ाई तथा नदी के पाट की चौड़ाई की जानकारी प्रस्तुत की जाए।

4. यदि पूर्व में आवेदित स्थल पर खनन हेतु राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ अथवा जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (डी.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दी गई हो, तो पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।

5. यदि खदान पूर्व से संचालित है, तो विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।

6. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

7. खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को खदान में रेत के लेवल्स (Levels) लेने वाले सर्वेयर (Surveyor) के साथ आगामी माह की आयोजित बैठक में उपरोक्त समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज (खदान फोटोग्राफ्स) सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

तदानुसार खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को एस.ई.ए.सी., छत्तीसगढ़ के ज्ञापन दिनांक 31/01/2020 द्वारा प्रस्तुतीकरण हेतु सूचित किया गया।

**(ब) समिति की 309वीं बैठक दिनांक 04/02/2020**

प्रस्तुतीकरण हेतु श्री अविनाश तिवारी, कंसलटेंट उपस्थित हुए। समिति द्वारा फाईल, प्रस्तुत जानकारी का अवलोकन एवं परीक्षण करने पर निम्न स्थिति पाई गई:-

1. **ग्राम पंचायत का अनापत्ति प्रमाण पत्र** – रेत उत्खनन के संबंध में ग्राम पंचायत [illegible] का दिनांक 04/04/2014 का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।
2. **चिन्हांकित/सीमांकित** – कार्यालय कलेक्टर, खनिज शाखा से प्राप्त प्रमाण पत्र अनुसार यह खदान चिन्हांकित/सीमांकित कर घोषित है।
3. **उत्खनन योजना** – माईनिंग प्लान प्रस्तुत किया गया है, जो उप संचालक (खा.प्र.), संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, छत्तीसगढ़ के ज्ञापन क्रमांक 8525/खनि02/रेत(प्लान)/न.क्र. 322/2019 नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 19/11/2019 द्वारा अनुमोदित है।
4. **500 मीटर की परिधि में स्थित खदान** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 2107/खनि.लि.06/2019 राजनांदगांव, दिनांक 19/09/2019 के अनुसार आवेदित खदान से 500 मीटर की परिधि अन्तर्गत अन्य रेत खदानों की संख्या निरंक है।
5. **200 मीटर की परिधि में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र/संरचनाएं** – कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 2108/खनि.लि.06/2019

राजनांदगांव, दिनांक 19/08/2019 द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनुसार उक्त खदान से 200 मीटर की परिधि में कोई भी सार्वजनिक क्षेत्र जैसे मंदिर, मस्जिद, अस्पताल, स्कूल, पुल, बांध, डैम, एनीकट एवं जल आपूर्ति आदि प्रतिबंधित क्षेत्र स्थित नहीं है।

6. **एल.ओ.आई. का विवरण** –एल.ओ.आई. कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा), जिला–राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 2453/खलि.08/2019 राजनांदगांव, दिनांक 03/10/2019 द्वारा जारी की गई, जिसकी अवधि 2 वर्ष हेतु वैध है।

7. **डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट** – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 25/07/2018 द्वारा निर्धारित प्रारूप में डिस्ट्रिक्ट सर्वे रिपोर्ट (District Survey Report) की प्रति प्रस्तुत की गई है।

8. **महत्वपूर्ण संरचनाओं की दूरी** – निकटतम आबादी ग्राम–[illegible] 0.5 कि.मी., अस्पताल सोमनी 4 कि.मी. की दूरी पर स्थित है।

9. **पारिस्थितिकीय/जैवविविधता संवेदनशील क्षेत्र** – परियोजना प्रस्तावक द्वारा 10 कि.मी. की परिधि में अंतर्राज्यीय सीमा, राष्ट्रीय उद्यान, अभयारण्य, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा घोषित क्रिटिकली पोल्यूटेड एरिया, पारिस्थितिकीय संवेदनशील क्षेत्र या घोषित जैवविविधता क्षेत्र स्थित नहीं होना प्रतिवेदित किया है।

10. **खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई एवं खदान की नदी तट से दूरी** – आवेदन अनुसार खनन स्थल पर नदी के पाट की चौड़ाई – औसत 180 मीटर तथा खनन स्थल की चौड़ाई – 118 मीटर दर्शाई गई है। खदान की नदी तट से दूरी 18 मीटर है।

11. **खनन स्थल पर रेत की मोटाई** – आवेदन अनुसार स्थल पर रेत की गहराई – 5 मीटर तथा रेत खनन की प्रस्तावित गहराई – 2 मीटर दर्शाई गई है। अनुमोदित माईनिंग प्लान अनुसार खदान में माईनेबल रेत की मात्रा – 1,00,030 घनमीटर है। रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत सतह की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की गई है। जिसके अनुसार रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर 5 गड्ढा (Pit) खोदकर उसमें रेत सतह की गहराई नापने के आधार पर, वर्तमान में रेत की उपलब्ध मोटाई 1.5 मीटर से 2 मीटर है। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा भी प्रस्तुत किया गया है।

12. **पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति संबंधी विवरण**– पूर्व में परियोजना प्रस्तावक द्वारा इस खदान हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त नहीं की गई है।

13. **कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.)** – रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर वर्तमान में पोस्ट–मानसून (Post-Monsoon) द्वारा दिनांक 06/12/2019 को रेत सतह के लेवल्स (Levels) की जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। सर्वे रिपोर्ट में उपयुक्त टेम्परेरी बेंच मार्कों का चयन नहीं किया गया है तथा बिन्दुओं को ग्रिड मैप में प्रदर्शित भी नहीं किया गया है। वर्तमान अस्थिर टेम्परेरी बेंच मार्क का वर्षा एवं अन्य कारकों से परिवर्तित होना संभावित है। अतः जिससे पुनः रेत सतह का लेवल्स (Levels) लिया जाना संभव प्रतीत नहीं होता है।

14. कॉर्पोरेट पर्यावरणीय दायित्व (C.E.R.) – भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु समिति के समक्ष विचार की चर्चा उपरांत निम्नानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है:–

| Capital Investment (in Lakh) | Percentage of Capital Investment to be Spent | Amount Required for CER Activities (in Lakh) | Amount Proposed & Details for CER Activities (in Lakh) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Particulars | CER Fund Allocation (in Lakh) |
| Rs. 22.65 | 2% | Rs. 0.45 | Following activities at Nearby Government Primary School, Village-Era | |
| | | | Rain Water Harvesting System | Rs. 0.45 |
| | | | Total | **Rs. 0.45** |

समिति द्वारा परियोजना प्रस्तावक को निर्देशित किया गया कि सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) का विस्तृत प्रस्ताव एक माह में प्रस्तुत किया जाए।

**समिति द्वारा विचार विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–**

1. प्रस्तावित स्थल से निकटतम पुल, बांध, एनीकट एवं जल आपूर्ति स्त्रोत की दूरी बाबत् जानकारी प्रस्तुत की जाए।
2. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का चिह्न बनाकर, कॉलम में रेत स्तर के लेवल्स (Levels) लेकर चित्र मैप में प्रदर्शित कर प्रस्तुत किये जावें। उक्त लेवल्स (Levels) हेतु कम से कम 2 टेम्परेरी बैंच मार्क (Concreted TBM structure) निर्धारित किये जावें। टेम्परेरी बैंच मार्क (TBM) के आर.एल. को-ऑर्डिनेट्स (Co-ordinates) अंकित किये जावें। चित्र मैप में टेम्परेरी बैंच मार्क (TBM) को भी दर्शाकर उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जावें।
3. परियोजना प्रस्तावक को उपरोक्त समस्त पूर्ण जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया जाए।

परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

**एजेन्डा आयटम क्रमांक–3: अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय।**

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से 413वीं बैठक दिनांक 07/02/2020 के एजेन्डा बिन्दु क्रमांक–3 में "दिनांक 31/01/2020 तक प्राप्त नवीन आवेदनों का परीक्षण कर प्रस्तुतीकरण हेतु निर्णय लिया जाना" तथा दिनांक 04/02/2020 तक प्राप्त नवीन आवेदनों पर आज की बैठक में चर्चा किये जाने का निर्णय लिया गया।

1. मेसर्स श्री संदीप गुप्ता (संबलपुर सैण्ड माईन्स, ग्राम–संबलपुर, तहसील व जिला–कोण्डागांव), टिकरापारा, जिला–उ.ब. कांकेर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1107)

**ऑनलाईन आवेदन** – प्रपोजल नम्बर – एसआईए /सीजी /एमआईएन / 135666 / 2020, दिनांक 08 / 01 / 2020।

**प्रस्ताव का विवरण** – यह प्रस्तावित रेत खदान (गौण खनिज) है। यह खदान ग्राम–संबलपुर, तहसील व जिला–कोण्डागांव स्थित पार्ट ऑफ खसरा क्रमांक 1/1, कुल लीज क्षेत्र 4.047 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। उत्खनन नारंगी नदी से किया जाना प्रस्तावित है। खदान की प्रस्तावित उत्खनन क्षमता–48,917 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

**बैठक का विवरण –**

**(अ) समिति की 308वीं बैठक दिनांक 04 / 02 / 2020:**

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा विचार विमर्श उपरान्त **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया गया**:–

1. कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) द्वारा उक्त खदान के 200 मीटर की परिधि में मंदिर, मरघट, अस्पताल, स्कूल आदि प्रतिबंधित क्षेत्र निर्मित होने अथवा न होने बाबत् जानकारी प्रस्तुत की जाए। साथ ही प्रस्तावित स्थल से निकटतम पुल, बांध, एनीकट एवं पेयजल आपूर्ति स्त्रोत की दूरी बाबत् जानकारी प्रस्तुत की जाए।
2. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं प्रस्तावित स्थल के अपस्ट्रीम तथा डाउनस्ट्रीम में 100 मीटर की दूरी पर, प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का चिन्ह बनाकर, वर्तमान में रेत सतह के तल/ग्राउण्ड Levels लेकर चिन्ह मैप में प्रदर्शित कर प्रस्तुत किये जायें। उक्त लेवल्स (Levels) हेतु कम से कम 2 टेम्परेरी बेंच मार्क (Concreted TBM structure) निर्धारित किये जायें। टेम्परेरी बेंच मार्क (TBM) में आर.एल. को–ऑर्डिनेट्स (Co-ordinates) अंकित किये जायें। चिन्ह मैप में टेम्परेरी बेंच मार्क (TBM) को भी दर्शाकर, उसे खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जायें।
3. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की जाए। रेत की वास्तविक गहराई हेतु फोटोग्राफ भी प्रस्तुत किया जाये।
4. प्रस्तावित खनन क्षेत्र की लंबाई एवं चौड़ाई तथा नदी के पाट की चौड़ाई की जानकारी प्रस्तुत की जाए।
5. यदि पूर्व में आवेदित स्थल पर खनन हेतु राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ अथवा जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (डी.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दी गई हो, तो पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही पुनर्भरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।
6. यदि खदान पूर्व से संचालित है, तो विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।

7. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

8. खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को स्थल में रेत की लेवलस (Levels) लेने वाले सर्वेयर (Surveyor) के साथ आगामी माह की आयोजित बैठक में उपस्थित समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज (संलग्न फोटोग्राफ्स) सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को तदानुसार सूचित किया जाए।

**2. मेसर्स श्री जितेन्द्र सिंह परिहार (टिकनपाल सेण्ड माईन, ग्राम-टिकनपाल, तहसील व जिला-बस्तर) राजेन्द्र नगर जगदलपुर, तहसील-जगदलपुर, जिला-बस्तर (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1108)**

**ऑनलाईन आवेदन** – प्रपोजल नंबर – एसआईए / सीजी / एमआईएन / 135761 / 2020, दिनांक 08 / 01 / 2020।

**प्रस्ताव का विवरण** – यह प्रस्तावित रेत खदान (गौण खनिज) है। यह खदान ग्राम-टिकनपाल, तहसील व जिला-बस्तर स्थित खसरा क्रमांक 01, कुल लीज क्षेत्र 2 हेक्टेयर में प्रस्तावित है। उत्खनन नारंगी नदी से किया जाना प्रस्तावित है। खदान की प्रस्तावित उत्खनन क्षमता-40,000 घनमीटर प्रतिवर्ष है।

**बैठक का विवरण** –

**(अ) समिति की 308वीं बैठक दिनांक 04 / 02 / 2020:**

समिति द्वारा प्रकरण की नस्ती एवं प्रस्तुत जानकारी का परीक्षण तथा विचार विमर्श उपरांत **सर्वसम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिया** गया:-

1. प्रस्तावित स्थल से निकटतम पुल, डेम, एनीकट एवं जल आपूर्ति स्त्रोत की दूरी बाबत् जानकारी प्रस्तुत की जाए।

2. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल एवं प्रस्तावित स्थल के अपस्ट्रीम तथा डाउनस्ट्रीम में 100 मीटर की दूरी पर, प्रति हेक्टेयर 4 बिन्दुओं का ग्रिड बनाकर, वर्तमान में रेत सतह के लेवलस (Levels) लेकर ग्रिड मैप में प्रदर्शित कर प्रस्तुत किये जावे। उक्त लेवलस (Levels) हेतु कम से कम 2 टेम्पररी बेंच मार्क (Concreted TBM structure) निर्धारित किये जावे। टेम्पररी बेंच मार्क (TBM) में आर.एल., को-ऑर्डिनेट्स (Co-ordinates) अंकित किये जावे। ग्रिड मैप में टेम्पररी बेंच मार्क (TBM) को भी दर्शाकर, उन्हें खनिज विभाग से प्रमाणीकरण उपरांत फोटोग्राफ्स सहित जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत किये जावे।

3. रेत उत्खनन हेतु प्रस्तावित स्थल पर वर्तमान में उपलब्ध रेत की मोटाई जानने के लिए, प्रति हेक्टेयर में कम से कम एक गड्ढा (Pit) खोदकर उसकी वास्तविक गहराई का मापन कर, खनिज विभाग से प्रमाणित जानकारी प्रस्तुत की जाए। रेत की वास्तविक गहराई हेतु पंचनामा भी प्रस्तुत किया जावे।

4. प्रस्तावित खनन क्षेत्र की लंबाई एवं चौड़ाई तथा नदी के पाट की चौड़ाई की जानकारी प्रस्तुत की जाए।

5. यदि पूर्व में आवेदित स्थल पर खनन हेतु राज्य स्तर पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (एस.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ अथवा जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण (डी.ई.आई.ए.ए.), छत्तीसगढ़ द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति दी गई हो, तो पूर्व में जारी पर्यावरणीय स्वीकृति की प्रति एवं अधिरोपित शर्तों के पालन में की गई कार्यवाही की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए। साथ ही वृक्षारोपण की अद्यतन स्थिति की जानकारी फोटोग्राफ्स सहित प्रस्तुत की जाए।

6. यदि खदान पूर्व से संचालित है, तो विगत वर्षों में किए गए उत्खनन की वास्तविक मात्रा की जानकारी खनिज विभाग से प्रमाणित करा कर प्रस्तुत की जाए।

7. भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के ओ.एम. दिनांक 01/05/2018 के अनुसार सी.ई.आर. (Corporate Environment Responsibility) हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

8. खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को खदान में रेत की लेवल्स (Levels) लेने वाले सर्वेयर (Surveyor) के साथ आगामी माह में आयोजित बैठक में उपरोक्त समस्त सुसंगत जानकारी / दस्तावेज (अद्यतन फोटोग्राफ्स) सहित प्रस्तुतीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

खनि निरीक्षक एवं परियोजना प्रस्तावक को तदनुसार सूचित किया जाए।

3. **मेसर्स श्री पवन जायसवाल (बगदर सैण्ड माईन, ग्राम–बगदर, तहसील–करतला, जिला–कोरबा), बरमकुरिया, तहसील–करतला, जिला–कोरबा (सचिवालय का नस्ती क्रमांक 1109)**

**ऑनलाईन आवेदन** – प्रपोजल नम्बर – एसआईए/सीजी/एमआईएन/135784/2020, दिनांक 08/01/2020।

